

हिन्दी दैनिक

# मेरी जुबान

Epaper : merijuban.com

मेरी जुबान आपकी अवाज़

page 3 सड़क सुरक्षा पखवाड़ा चलाएगी योगी सरकार | page 5 जोड़ों के दर्द से राहत के लिए करें ये योगासन, बढ़ती उम्र में भी शरीर रहेगा मजबूत | page 6 टीम इंडिया का हेड कोच बनेगा यह दिग्गज

वर्ष :01 अंक : 34 | लखीमपुर खीरी, बुधवार 05 जुलाई 2023 | पृष्ठ 08 | मूल्य 5.00 रूपया

## भारत आज डिजिटल प्रौद्योगिकी और 5-जी जैसे क्षेत्रों में बड़े-बड़े देशों का मुकाबला कर रहा : पीएम



**पीएम ने कहा कि आज एक ओर देश में आध्यात्मिक केंद्रों का पुनरुद्धार हो रहा है तो साथ ही भारत अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी में भी लीड कर रहा है। उन्होंने कहा, आज भारत दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्था में शामिल हो चुका है।**

**पुट्टपर्ती।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि आज भारत कर्तव्यों को पहली प्राथमिकता बनाकर आगे बढ़ रहा है और इसी का नतीजा है कि देश दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है और वह डिजिटल प्रौद्योगिकी और 5-जी जैसे क्षेत्रों में बड़े-बड़े देशों का मुकाबला कर रहा है। यहां स्थित प्रशांति निलयम में नवनिर्मित साईं हीरा वैश्विक सम्मेलन केंद्र का वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने यह बात कही। उन्होंने कहा, आजादी के 100 वर्ष के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते हुए, हमने हमारे 'अमृतकाल' को 'कर्तव्य काल' का नाम दिया है। हमारे कर्तव्यों में आध्यात्मिक मूल्यों का मार्गदर्शन भी है और भविष्य के संकल्प भी हैं। इसमें विकास भी है और विरासत भी है। मोदी ने कहा कि आज एक ओर देश में आध्यात्मिक केंद्रों का पुनरुद्धार हो रहा है तो साथ ही भारत अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी में भी लीड कर रहा है। उन्होंने कहा, आज भारत दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्था में शामिल हो चुका है। आज भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। डिजिटल प्रौद्योगिकी और 5-जी जैसे क्षेत्रों में हम बड़े-बड़े देशों का मुकाबला कर रहे हैं। दुनिया में आज जितने भी रियल टाइम ऑनलाइन लेनदेन हो रहे हैं, उसमें 40 प्रतिशत अकेले भारत में हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि समाज के हर वर्ग की भागीदारी से आज यह परिवर्तन आ रहा है, इसलिए विश्व भारत के नेतृत्व में भरोसा कर रहा है। भारत की अध्यक्षता में हो रही जी-20 बैठकों और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय में योग सत्र के आयोजनों का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि दुनिया में आज भारत के प्रति आकर्षण भी बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, हमारी संस्कृति, हमारी विरासत, हमारा अतीत, हमारी धरोहर.. इनके प्रति जिज्ञासा भी लगातार बढ़ती जा रही है। जिज्ञासा ही नहीं, बल्कि आस्था भी बढ़ रही है। उद्घाटन समारोह में दुनिया भर के प्रमुख गणमान्य व्यक्ति और श्रद्धालु उपस्थित थे।

## राष्ट्रपति पहुंचीं हैदराबाद

### सीताराम राजू की 125वीं जयंती के समापन समारोह में लेंगी भाग




**केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी और राज्य के कई मंत्रियों ने यहां हकीमपेट वायु सेना अड्डे पर राष्ट्रपति मुर्मू का स्वागत किया। वह अल्लुरी सीताराम राजू की 125वीं जयंती के समापन समारोह में भाग लेंगी और वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगी।**

**हैदराबाद।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू महान स्वतंत्रता सेनानी अल्लुरी सीताराम राजू की 125वीं जयंती के समापन समारोह में भाग लेने के लिए मंगलवार को यहां पहुंचीं। तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन, मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव, केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी और राज्य के कई मंत्रियों ने यहां हकीमपेट वायु सेना अड्डे पर राष्ट्रपति मुर्मू का स्वागत किया। वह अल्लुरी सीताराम राजू की 125वीं जयंती के समापन समारोह में भाग लेंगी और वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले साल चार जुलाई को आंध्र प्रदेश के भीमावरम में सीताराम राजू की 125वीं जयंती पर एक साल चलने वाले समारोह की शुरूआत की थी। चार जुलाई 1897 को जन्मे अल्लुरी सीताराम राजू को पूर्वी घाट क्षेत्र (आंध्र प्रदेश) में आदिवासी समुदायों के हितों की रक्षा के वास्ते अंग्रेजों से लोहा लेने के लिए याद किया जाता है। उन्होंने 1922 में शुरू हुए रम्पा विद्रोह की अगुवाई की थी। उन्हें स्थानीय लोग मान्यम वीरुडु (जंगलों का नायक) भी बुलाते हैं।

## अजमेर की पुष्कर झील में नहाते समय डूबने से दो की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के अजमेर जिले में पुष्कर झील में नहाते समय कथित तौर पर डूबने से दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया



कि चार लोगों का एक समूह सीकर से पुष्कर गया था, जहां उनमें से दो राकेश और श्रवण सोमवार शाम झील में नहाते समय दुर्घटनावश गहरे पानी में फिसल गए। पुलिस ने बताया कि घटना के समय वहां मौजूद लोगों ने दोनों को बचाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें बचा नहीं पाए। उन्होंने बताया कि शवों को मुर्दाघर भेजा गया है और पोस्टमार्टम मंगलवार को किया जाएगा।

## उद्यमी स्वावलंबन योजना के लिए 24 जुलाई जून तक करें आवेदन

**मेरी जुबान - संवाद्दाता**

**लखीमपुर खीरी।** प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन (एग्री जंक्शन) योजना के तहत कृषि विषय में योग्यता रखने वाले लाभार्थी अपना आवेदन सभी जरूरी अभिलेखों के साथ 24 जुलाई को सायं 05 बजे तक उपलब्ध कराए। उक्त आशय की जानकारी उप कृषि निदेशक अरविंद मोहन मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि एग्री जंक्शन योजना के तहत जिले में निवास करने वाले कृषि स्नातक, कृषि व्यवसाय प्रबंधन स्नातक/स्नातक जो कृषि एवं सहबद्ध विषयों यथाः उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशु चिकित्सा, मुर्गी पालन एवं इसी तरह की गतिविधियां (जो किसी राज्य/केन्द्रीय विश्वविद्यालय या किसी अन्य विश्वविद्यालयों जो आईसीएआर/यूजीसी द्वारा मान्यता हो) पात्र होंगे। उपरोक्त के अनुपलब्ध होने पर अनुभव प्राप्त डिप्लोमाधारी/कृषि विषय में इंटरमीडिएट योग्य प्रार्थी के आवेदन पर भी विचार होगा। आयु 40 से अधिक एससी, एसटी, महिलाओं को 05 वर्ष की अधिकतम छूट है। पात्र अभ्यार्थियों में जिनकी जन्मतिथि पहले है, उन्हें वरीयता दी जायेगी। प्राप्त आवेदनों में ब्लॉकवार वरीयता सूची बनेगी। इसी आधार पर चयन समिति लक्ष्य के सापेक्ष अभ्यर्थियों का चयन करेगी। डीडी कृषि ने बताया कि वर्ष 2022-23 में जिन भी कृषि स्नातकों ने आवेदन किया था लेकिन चयन नहीं हुआ उन्हें वर्ष 2023-24 में पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। आवेदन सीधे कार्यालय में या मात्र डाक के माध्यम से स्वीकार किया जायेगा। निर्धारित समय के बाद किसी भी माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदन पर विचार नहीं होगा। विस्तृत जानकारी या किसी समस्या के समाधान के लिए कार्यालय का सीयूजी नं. 7839882210 पर सम्पर्क करें।

## तीन ब्लॉकों में साठा धान की खेती करने पर लग सकती है रोक

### मोहम्मदी, मितौली और पसगवां में वाटर लेवल घट रहा



**मेरी जुबान ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** जनपद के कुछ क्षेत्रों में साठा धान की खेती फिर से जोर पकड़ने लगी है, जिससे उनमें अतिदोहन से वाटर लेवल कम होकर डार्क जोन में पहुंचने का खतरा बढ़ गया है। लिहाजा कृषि अधिकारियों ने वाटर लेवल कम होने की स्थिति पर चिंता जताते हुए तीन ब्लॉकों मोहम्मदी, मितौली और पसगवां में साठा धान की खेती पर रोक लगाने के लिए रिपोर्ट उच्चाधिकारियों के पास भेजी है। बताते चलें कि करीब चार वर्ष पूर्व भी साठा धान की खेती करने पर रोक लगाई थी, लेकिन कुछ समय बाद तत्कालीन डीएम ने रोक हटा दिया था। इसके बाद फिर से साठा धान की खेती जोर पकड़ने लगी है। जनपद को दो हिस्सों तराई और उपरिहर क्षेत्र में रखा गया है, जिसमें तराई क्षेत्र में वाटर लेवल की समस्या नहीं है। वहीं उपरिहर क्षेत्र में आने वाले ब्लॉकों मोहम्मदी, मितौली, पसगवां, गोला, बांकेगंज, बेहजम में वाटर लेवल धीरे धीरे कम हो रहा है। कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक साठा धान की खेती में बहुत अधिक जल दोहन किया जाता है, जिससे जमीन का जलस्तर नीचे खिसक रहा है। वर्तमान में उपरिहर क्षेत्रों में छह से सात मीटर गहराई तक वाटर लेवल पहुंच गया है। जलस्तर आठ मीटर या इससे नीचे जाने पर उस क्षेत्र को डार्क जोन में रखा जाता है। इसलिए कृषि विभाग ने अभी तीन ब्लॉकों मोहम्मदी, मितौली और पसगवां में साठा धान की खेती पर रोक लगाने का मन बनाया है, जिस संबंध में रिपोर्ट उच्चाधिकारियों के पास भेजी गई है। अनुमति मिलने के बाद साठा धान की खेती पर रोक लगाई जा रही है। उप कृषि निदेशक अरविंद मोहन मिश्रा ने बताया कि अभी तीन ब्लॉकों मोहम्मदी, मितौली और पसगवां में साठा धान की खेती पर रोक लगाने के लिए रिपोर्ट तैयार कर स्वीकृति के लिए उच्चाधिकारियों के पास भेजी गई है, क्योंकि इन क्षेत्रों में जमीन के जलस्तर में लगातार गिरावट देखी जा रही है। भूगर्भ विज्ञान केंद्र ने भी इन ब्लॉकों के भविष्य में डार्क जोन में पहुंचने की संभावना जताई गई है।

## प्रत्येक ब्लॉक के पांच-पांच परिषदीय विद्यालयों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करने के निर्देश

### बच्चों को विश्वस्तरीय सुविधाएं कराई जाएंगी उपलब्ध

**मेरी जुबान ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद द्वारा प्रत्येक ब्लॉक के पांच-पांच परिषदीय विद्यालयों का चयन करने के आदेश दिए गए हैं। इन विद्यालयों में अत्याधुनिक सुविधाएं बच्चों को उपलब्ध कराई जाएगी। समग्र शिक्षा की गाइड लाइन एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत इन विद्यालयों में प्री प्राइमरी और कक्षा एक से आठ तक की कक्षाओं की संचालन क्षमता के साथ उच्चीकृत किया जाएगा। इन विद्यालयों मे प्री प्राइमरी से लेकर कक्षा आठ तक लगभग 450 छात्र-छात्राओं के लिए क्लासरूम की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। बच्चों के सर्वांगीण बौद्धिक विकास, उच्च गुणवत्ता की शिक्षा और बेहतर शैक्षणिक परिवेश के लिए पूर्व से निर्मित सभी कक्षा कक्षों का सुदृढ़ीकरण कराया जाएगा। साथ ही इन विद्यालयों को भविष्य आवश्यकताओं एवं बच्चों की नामांकन वृद्धि की संभावनाओं के मद्देनजर विस्तारित भी किया जाएगा। छात्र-छात्राओं को डिजिटल शिक्षा के तहत डिजिटल एजुकेशन प्लेटफार्म एवं डिजिटल लर्निंग के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शैक्षणिक परिवेश में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। बीएसए प्रवीण कुमार ने बताया कि प्रत्येक कक्षा कक्ष में बच्चों को उनकी उम्र के अनुसार बैठने के लिए फर्नीचर की व्यवस्था की जाएगी। विद्यालय चयन की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाएगी।

## केजरीवाल पर भाजपा का निशाना

### विज्ञापन पर खर्च हुए करोड़ों रुपये, परियोजना के लिए पैसे उनके पास नहीं



अरविंद केजरीवाल द्वारा पिछले 3 वर्षों में 1106 करोड़ रुपये के विज्ञापन जारी किए गए हैं। आरआरटीएस परियोजना में दिल्ली का योगदान 1138 करोड़ रुपये था। हालाँकि, उन्होंने सुप्रीम कोर्ट को बार-बार बताया है कि उनके पास परियोजना के लिए पैसे नहीं हैं।

**नई दिल्ली।** दिल्ली में राजनीतिक बवाल जारी है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) परियोजना के निर्माण के लिए धन देने में असमर्थता जताने को लेकर दिल्ली सरकार को सोमवार को फटकार लगाई और उसे पिछले तीन वित्तीय वर्षों में विज्ञापनों पर खर्च किए गए धन का ब्योरा देने का निर्देश दिया था। इसको लेकर भाजपा केजरीवाल सरकार पर हमलावर है। आज भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने प्रेस वार्ता कर अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। गौरव भाटिया ने कहा कि सबसे बेईमान नेता अरविंद केजरीवाल द्वारा पिछले 3 वर्षों में 1106 करोड़ रुपये के विज्ञापन जारी किए गए हैं। आरआरटीएस परियोजना में दिल्ली का योगदान 1138 करोड़ रुपये था। हालाँकि, उन्होंने सुप्रीम कोर्ट को बार-बार बताया है कि उनके पास परियोजना के लिए पैसे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के मुताबिक केजरीवाल सरकार के पास विज्ञापनों के लिए पैसा है। हालाँकि, उनके पास आरआरटीएस परियोजना के लिए पैसा नहीं है जो लोगों के हित में है। रउ ने उनसे एक हलफनामा दाखिल करने को कहा है जिसमें पिछले 3 साल में विज्ञापनों पर खर्च की गई रकम का ब्योरा हो। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि RRTS Project के लिए केजरीवाल को 1,138 करोड़ रुपये देने थे लेकिन नहीं दिए। केजरीवाल सर्वोच्च न्यायालय को लगातार कहते रहे कि मेरे पास पैसे ही नहीं हैं। केजरीवाल के पास इश्तिहार के लिए 1,106 करोड़ रुपये हैं लेकिन प्रोजेक्ट के लिए पैसा नहीं है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि इश्तिहार के लिए तुम्हारे पास रुपया है, लेकिन RRTS Project जो जनता के हित के लिए है उसके लिए तुम्हारे पास पैसा नहीं हैं। न्यायालय ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल सरकार ने इश्तिहार पर कितना पैसा लगाया, इसका पूरा विश्लेषण हलफनामे के साथ कोर्ट के समक्ष रखे। भाटिया ने अपने बयान में कहा कि दिल्ली ल्ठउ की टिप्पणी के अनुसार, विद्वान ट्रायल कोर्ट ने उत्पाद शुल्क विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा दिए गए बयानों पर विचार किया, जिससे पता चलता है कि कैबिनेट नोट की फाइल तत्कालीन उत्पाद शुल्क आयुक्त द्वारा तैयार की गई थी और GoM के विचार के लिए भेजी गई थी। साथ ही, जनता द्वारा दी गई प्रतिक्रिया को कभी भी वापस नहीं किया गया और वह गायब हो गई।" हाई कोर्ट ने कहा कि मनीष सिसोदिया बड़े पद पर रहे हैं, ये साक्ष्य मिटा सकते हैं, ये गवाहों को डरा सकते हैं... इसलिए इनको जमानत नहीं मिलनी चाहिए क्योंकि इन पर जो आरोप लगे हैं, वह बहुत गंभीर हैं।

## सोती हुई बुजुर्ग महिला को चारपाई से खींच ले गया तेंदुआ

### झोपड़ी से कुछ दूर खेत में मिला महिला का शव





घटना स्थल पर मौजूद ग्रामीण और पुलिस कर्मी

**मेरी जुबान ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** पढुआ थाना क्षेत्र के धर्मपुर रेतिया गांव के पास खेत मे बनी एक झोपडी में सो रही एक बुजुर्ग महिला को तेंदुआ चारपाई से खींच ले गया। आसपास के ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ महिला को खेत में छोड़कर भाग गया। तेंदुए के हमले में महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के मुताबिक 80 वर्षीय रामकली पत्नी पुत्ती लाल बटाई पर रखे खेत में बनी झोपड़ी में रहकर खेत की रखवाली कर रही थी। मंगलवार अलसुबह बुजुर्ग महिला झोपड़ी में सो रही थी। अचानक तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया और महिला को चारपाई से खींच ले गया। वहां मौजूद पुत्र रामे समेत अन्य ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ महिला को खेत में छोड़कर भाग गया। तेंदुए के हमले से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। बुजुर्ग महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों का कहना है महिला पर बाघ ने हमला किया है जबकि वन विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद बताया कि हमला करने वाला जानवर बाघ नहीं बल्कि तेंदुआ है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पढुवा थाना प्रभारी हनुमंत लाल तिवारी ने महिला का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। धौरहरा के रेंजर नृपेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि तेंदुए के हमले में बुजुर्ग महिला की मौत हुई है। मृतका के आश्रितों को आर्थिक सहायता देने के लिए आगे की कार्रवाई की जा रही है। आसपास के ग्रामीणों को हिदायत दी गई है कि वह सावधानी बरतें अकेले खेतों की तरफ ना जाए।

## देश में कोरोना वायरस संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,468 हुई

**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 26 नए मामले सामने आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या 4,49,94,351 हो गई है। वहीं उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,468 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से अभी तक 5,31,908 लोगों की मौत हुई है। अभी तक कुल 4,44,60,975 लोग संक्रमण मुक्त हुए हैं और मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.81 प्रतिशत है। वहीं कोविड-19 से मृत्यु दर 1.18 प्रतिशत है।

## देश के विकास को मिलेगा बढ़ावा :शाह

**मेहसाणा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि पिछले नौ सालों में देश के विकास की गति बढ़ी है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकास की इस प्रक्रिया में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में सहकारी समितियों, विभिन्न कॉरपोरेट, गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) और लोगों को व्यक्तिगत रूप से शामिल किया है। शाह सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत उत्तरी गुजरात के मेहसाणा में बनने वाले एक सैनिक स्कूल की आधारशिला रखने के दौरान एक सभा को संबोधित कर रहे थे। मेहसाणा जिले के बोरियावी गांव में बनने वाला यह सैनिक स्कूल केंद्र सरकार की उस पहल का हिस्सा है जिसके तहत ऐसे 100 स्कूल पीपीपी माध्यम से बनाए जाने हैं। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने साझेदारी मॉडल में 100 सैनिक स्कूल स्थापित करने का आह्वान किया था और पीपीपी मॉडल के तहत मेहसाणा में स्थापित किया जा रहा मोतीभाई चौधरी सागर सैनिक स्कूल ऐसा 20वां स्कूल होगा जो विद्यार्थियों को सशस्त्र बलो में प्रवेश का सरल और आसान रास्ता प्रदान करेगा। पहले की सरकारों में विकास की गति बहुत धीमी होने का आरोप लगाते हुए शाह ने कहा, अपने शासन के नौ सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ना केवल देश की सुरक्षा और विकास के लिए काम किया और इसे विश्व में गौरव दिलाया।

हिन्दी दैनिक
# मेरी जुबान



## बैंक कार्मिको को बेहतर कार्य करने पर डीएम ने किया सम्मानित



**मेरी जुबान - संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वावधान में एक दिवसीय बैंकर्स उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें हैदराबाद से आई टीम ने उपस्थित लोगों को प्रशिक्षण दिया। जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में आगे बढ़ रही समूह की महिलाओं को बैंकों से जोड़कर सशक्त करने पर जोर दिया। इस मौके पर सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। कार्यशाला में प्रतिभागी बैंक शाखा प्रबंधकों को प्रशिक्षण एनआइआरडी हैदराबाद से आए नेशनल रिसोर्स पर्सन दयानिधि मंत्री एवं श्रीनिवास राव ने प्रदान किया। जिसमें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को व्यक्तिगत बचत खाता, कैश क्रेडिट लिमिट, बीमा एवं अन्य बैंकिंग सेवाएं से जोड़कर महिला सशक्तिकरण एवं आजीविका संवंधन को आगे बढ़ाने के कार्य से संबंधित जानकारी दी गई। इनके द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी गाइड लाइन की जानकारी के साथ साथ आनलाइन एप्लीकेशन पोर्टल, बैंक लिंकेज पोर्टल, जनसार्मथ्य पोर्टल, सामाजिक सुरक्षा योजना, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता की जानकारी सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन की उन्मुखीकरण कार्यशाला के माध्यम से समस्त बैंक शाखा प्रबंधकों को गई। इस अवसर पर उपायुक्त, स्वतः रोजगार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन राजेंद्र कुमार श्रीवास, जिला मिशन प्रबंधक सुरजन सिंह, वरुण गुप्ता, और ब्लॉक मैनेजर के साथ विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक मौजूद रहे।

### इनका हुआ सम्मान

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ अच्छे कार्य करने वाले आर्यावर्त बैंक पड़रिया के शाखा प्रबंधक धीरज कुमार, आर्यावर्त बैंक गुल्ला के शाखा प्रबंधक प्रदीप कुमार गोंड, आर्यावर्त बैंक रीजनल ऑफिस के क्रेडिट मैनेजर लक्ष्मण गायकवाड, आर्यावर्त बैंक लखेश्वर की बैंक सखी आकांक्षा मिश्रा को डीएम, सीडीओ ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## श्रावण मास में कांवड़ियों व श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारी नामित

### सुपर नोडल अधिकारी सीडीओ करेंगे मॉनिटरिंग और देंगे दिशा-निर्देश

**मेरी जुबान ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** श्रावण मास के दौरान छोटी काशी के नाम से विख्यात गोला गोकर्णनाथ के शिव मंदिर में दर्शन के लिए प्रदेश भर से बड़ी संख्या में आने वाले कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने नोडल अधिकारी नामित कर उन्हें जिम्मेदारियां सौंपी हैं। गोला के अलावा अन्य क्षेत्रों के प्रसिद्ध शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने के मद्देनजर उन क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक सोमवार को श्रद्धालुओं की अधिक संख्या रहने के चलते रविवार की सुबह से सोमवार की देर रात तक विशेष सतर्कता एवं संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने नोडल अधिकारियों से कहा है कि किसी भी अपरिहार्य स्थिति से अपर जिला मजिस्ट्रेट, सीडीओ और उन्हें तत्काल अवगत कराया जाए। डीएम ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट और अपर उप मजिस्ट्रेट को पर्यवेक्षणीय मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। ड्यूटी में लगाए गए सभी मजिस्ट्रेट व अधिकारी सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक सजग व सतर्क रहकर कावड़ियों का सुचारू एवं बाधारहित आवागमन सुनिश्चित कराएंगे। समस्त व्यवस्थाओं के लिए एडीएम को नोडल अधिकारी नामित किया गया है, जो जनपद स्तर पर कांवड़ यात्रा व धार्मिक स्थल पर दर्शन को लेकर समस्त व्यवस्थाओं का निरंतर पर्यवेक्षण करेंगे।



## धरना प्रदर्शन में भाग लेंगे गोला डिपो के पदाधिकारी

**मेरी जुबान - संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** सात जुलाई को हरदोई क्षेत्र में धरना प्रदर्शन में जिले की गोला डिपो की बस शाखा के कर्मचारी भाग लेगें। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के आवाहन पर मंगलवार को रोडवेज



प्रांगण गोला में स्थित परिषद कार्यालय में अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा मंत्री आलोक अवस्थी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रांतीय नेतृत्व द्वारा 13 और पांच सूत्रीय मांग पत्र दिये जाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि परिवहन निगम कर्मचारियों के नियम विरुद्ध किये गए स्थानांतरणों के विरोध में परिवहन निगम व इसके कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर हरदोई क्षेत्र में एक विशाल धरना प्रदर्शन सात जुलाई को होने जा रहा है। जिसमें जिले के गोला डिपो की बस स्टेशन शाखा के कर्मचारी बढ़ चढ़कर भाग लेगें। साथ ही प्रांतीय नेतृत्व द्वारा 19 जुलाई को पूर्ण कार्य बंद को सफल बनाने हेतु कई स्थानों से पदाधिकारी शामिल होगे। इस मौके पर संरक्षक अरविंद सिंह, अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा, मंत्री आलोक अवस्थी, कमलेश शर्मा, संजय यादव, सुशील गुप्ता, शोभित गुप्ता सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

## दोस्तों ने युवक को कियाक लहूलुहान,पुलिस को दी तहरीर

सम्भल। थाना नखासा क्षेत्र मे दोस्त ने दोस्त को बुलाकर साथियों संग मिलकर लाठी–डंडों से किया हमला घायल अपने परिजनों के साथ पहुंचा थाने नखासा और तीन युवकों के खिलाफ दी तहरीर।थाना हयातनगर क्षेत्र के सराय तरीन मोहल्ला मंगलपुरा



तकिया निवासी रफत पुत्र राहत जींस के कारखाने में काम करता है पीड़ित ने आरोप लगाते हुए कहा मुझे सोमवार की रात्रि लगभग दस बजे मेरे दोस्त मोहम्मद समद पुत्र ना मालूम निवासी हिंदूपुरा खेड़ा थाना नखासा जनपद संभल द्वारा मेरे मोबाइल पर फोन कर कहा कि जींस के कारखाने के संबंध में बात करनी है और तू अभी खेड़े पर आजा और मैं दोस्त के कहने पर हिंदूपुरा खेड़ा दीपा सराय पहुंच गया जैसे ही में पहुंचा था वहां पर पहले से ही दो व्यक्ति मौजूद खड़े थे समद अपने दिल में कुछ और ही छुपाए बैठा था घायल आरोपियों बताया है मेरे दोस्त व उसके दो साथियों ने मुझ पर लाठी–डंडों से हमला कर दिया और मेरे साथ जमकर मारपीट की मुझे लहूलुहान कर दिया बहुत मुश्किल से जान बचाकर मैं रात्रि में एक बजे अपने घर पहुंचा और सारी घटना मैंने अपने परिजनों को बताई सुबह होने पर मैं अपने परिजनों के साथ थाने नखासा आया हूं और तीनों आरोपियों के खिलाफ लिखित में शिकायती पत्र थाने पर दे दिया है।थाना नकाशा प्रभारी योगेश कुमार ने बताया पीड़ित की ओर से तहरीर मिली है पुलिस तहरीर के आधार पर जांच में जुट गई।

## भारतीय मानव कल्याण समिति कार्यकर्ताओं ने विवेकानंद को किया याद

चंदौसी(सम्भल)। भारतीय मानव कल्याण समिति द्वारा स्वामी विवेकानंद को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके किया गया मुख्य वक्ता राजेश कुमार गुप्ता ने कहा अपनी तेजस्वी वाणी के जरिए पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति और अध्यात्म का डंका बजाने वाले स्वामी विवेकानंद ने केवल वैज्ञानिक सोच तथा तर्क पर बल ही नहीं दिया, बल्कि धर्म को लोगों की सेवा और सामाजिक परिवर्तन से जोड़ दिया। भारतीय मानव कल्याण समिति के प्रबंधक डॉ टीएस पाल ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा स्वामी



विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था।उनका बचपन का नाम नरेंद्र दत्त था,1884 में उनके पिता विश्वनाथ दत्त की मृत्यु हो गई। पिता की मृत्यु के बाद अत्यंत गरीबी की मार ने उनके चित्त को कभी डिगने नहीं दिया। संगीत, साहित्य और दर्शन में विवेकानंद को विशेष रुचि थी। तैराकी, घुड़सवारी और कुश्ती उनका शौक था।मात्र 39 वर्ष की आयु में ही 4 जुलाई 1902 ईसवी को उनका निधन हो गया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ समाजसेवी कवि माधव मिश्र की माता बृजलता मिश्र के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन धारण करके शोक संवेदना व्यक्त की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता ओम प्रकाश गुप्ता ने तथा संचालन डॉ जय शंकर दुबे ने किया।इस दौरान आकाश शर्मा,राजेश पाल, रोशनलाल दिवाकर,मुनीश बाबू वार्ष्णेय,सुशील अग्रवाल,मूकेश वार्ष्णेय,विक्रम सिंह,अशोक जोशी,दीपक आदि उपस्थित रहे।

## भारतीय महिला मण्डल ने स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर बच्चों को कराया भोजन

चंदौसी(सम्भल)। मंगलवार को भारतीय महिला मण्डल ग्रूप द्वारा गुरुपूर्णिमा के पावन पर्व पर गुरुकुल आश्रम में अनाथ बच्चों को भोजन करवाया व स्वामी विवेकानंद को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके किया गया। सर्वप्रथम ग्रुप की महिलाओं ने एक बोर्ड की मीटिंग बुलाई गई उसमे सभी की सहमति से ये फैसला लिया गया कि आने वाली 3 जुलाई को गुरुकुल में रहकर पढ़ाई कर रहे सभी बच्चो को गुरुपूर्णिमा के दिन उनको भोजन कराया जाएगा ग्रुप की अध्यक्षता कर रही भारती अग्रवाल ने सभी ग्रुप की सदस्यों से की हमारे ग्रुप का जो उद्देश्य है उसका सभी को पालन करना है ग्रुप में मुख्य उद्देश्य है कि



नगर में कोई भी गरीब परिवार हो उसकी मदद करना व समय समय पर सामुहिक कार्यक्रम करके गरीब लोगो की सहायता करना है जैसे किसी भी परिवार में राशन की जरूरत को पूरा करना व ऐसे परिवार जो अपने बच्चों की पढ़ाई लिखाई कराने में असमर्थ हैं जिन बच्चों की शादी के लिए कोई व्यवस्था नही है उनके लिए ग्रुप के माध्यम से विवाह हेतु घरेलू जरूरी सामान देकर लड़कियों की शादी कराना। भारती अग्रवाल ने बताया कि ये उनके ग्रुप का दूसरा कार्यक्रम है ऐसे कार्यक्रम आगे भी होते रहेंगे। उसके बाद ग्रुप की सभी महिलाओं ने 3 जुलाई को जरई स्थित गुरुकुल पहुँच कर बच्चों से मुलाकात की और वही खाना बनवाकर सर्वप्रथम गाय माता का भोग लगवाया उसके बाद सभी बच्चों को पंगत में लाइन से बैठाया बच्चों ने भोजन खाने से पहले अन्नपूर्णा देवी की प्रार्थना करते हुए सभी को दुआए दी उसके बाद भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर भारती अग्रवाल, शुभ्रा अग्रवाल, सविता गुप्ता, गीता ,कविता शर्मा ,खुशी चौधरी,लता ,मंजू छाबड़ा, निधि ा अग्रवाल, पूजा ,पूनम गुप्ता ,रश्मि अग्रवाल ,रूपाली अग्रवाल, सविता , पूजा ,प्रियंका, डोली चौधरी ,गीता ,अनामिका, शिल्पी,अरविंद गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे ।

## नवागत बीएसए प्रवीण ने संभाला कार्यभार

**मेरी जुबान ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** नवागत बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने जिले में मंगलवार दोपहर में पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया। उनका स्वागत बुलंदशहर के लिए स्थानांतरित बीएसए डॉ. लक्ष्मीकांत पाण्डेय ने किया। इसके बाद जॉइनिंग की कार्यवाही की औपचारिकता पूरी की गई। नवागत बीएसए ने कार्यालय में मौजूद सभी शिक्षा अधिकारियों और कर्मचारियों से मुलाकात की और परिचय जानने के बाद एक संक्षिप्त बैठक में अपनी प्राथमिकताओं से अवगत कराया। बीएसए प्रवीण कुमार आगरा जनपद से स्थानांतरित होकर खीरी आए हैं। यह 2020 बैच के पीईएस अधिकारी है।



## जूनियर हाई स्कूल भवानीपुर में किया गया पौधारोपण

सम्भल। विकास क्षेत्र पवांसा के जूनियर हाईस्कूल भवानीपुर में, वन विभाग की ओर से आज




पौधारोपण करने के बाद, बच्चों में पौधों की उपयोगिता को लेकर चर्चा की गई। पवांसा सेक्शन के वन दरोगा मोहित कुमार यादव ने बच्चों से वार्ता करते हुए कहा कि वन, हमारे लिए बहुत अधिक महत्वपूर्ण हैं। छायादार एवं फल–फूल देने वाले पौधे अधिक से अधिक लगाने चाहिए ताकि हमारे लिए उपयोगी हों। जंगली जानवरों के छिपने–छिपाने के लिए एवं उनको जीवन प्रदान करने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। वन दरोगा ख्याली राम लखचौरा ने बताया कि ऑक्सीजन की मात्रा का , प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए पौधे बहुत आवश्यक हैं। हमारी पृथ्वी पर यदि पेड़ कम रह गए तो पूरा जनजीवन अस्त–व्यस्त हो जाएगा।नोडल शिक्षक सेवाराम सिंह ने कहा कि पेड़ों का कटान रोकने के लिए, हमें हरसंभव प्रयास करना होगा, अन्यथा की स्थिति में हम घुट–घुट कर जीने को मजबूर होंगे। प्रभारी प्रधानाध्यापक अतुल कुमार शर्मा ने पेड़ों की उपयोगिता पर विचार प्रकट करते हुए बताया कि पौधे लगाने से ज्यादा, उनकी रक्षा करना महत्वपूर्ण है। पौधे हमें जीवन देते हैं , इसलिए हमें उनका पालन–पोषण एक पुत्र की भांति ही करना चाहिए।ग्राम प्रधान विष्णु कुमार उर्फ विनय चौधरी ने समस्त स्टाफ के साथ मिलकर, विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण कराया तथा कार्यक्रम संचालिका तृषा लोधी ने पेड़ों की रक्षा हेतु, बच्चों को संकल्प दिलाया , इस अवसर पर सीमा चौधरी, मनीष जोशी, श्यामभवी मिश्रा, मामराज सिंह, स्नेहलता चौधरी, देववती, रेखा रानी, साथ ही अभिभावक गण भी मौजूद रहे।

## रास्ते पर बनीं दिवार को लेकर डीएम को पत्र, हटाये जाने की मांग

### घुटनों तक भरे गंदे पानी से होकर पड़ता है निकलना - ग्रामीण

**मेरी जुबान- संवाद्दाता**

**लखीमपुर खीरी।** ब्लाक लखीमपुर सदर की ग्राम पंचायत सलेमपुर कोन स्थित मोहल्ला गोविन्द नगर के दर्जनों लोग डीएम कार्यालय पहुंचे।



उन्होंने जिला अधिकारी खीरी से प्रार्थना पत्र देकर रास्ते पर बनीं दिवार को हटवाये जाने की मांग की। मोहल्ला गोविन्द नगर निवासी ललित के साथ मौजूद दर्जनों महिलाओं ने डीएम को सौंपे गए प्रार्थना पत्र में बताया कि मकान के सामने करीब आठ फिट चौड़ा सार्वजनिक रास्ता है। जिसपर मोहल्ले के दर्जनों परिवारों के लोग बीते लगभग 35 वर्षों से निकल रहें हैं। उक्त रास्ते पर मोहल्ले के ही एक व्यक्ति द्वारा दिवार उठाकर रास्ता बंद कर दिया गया है। जिससे लोगों को भीषण जलभराव वाले मार्ग से होकर निकलना पड़ रहा है। दिवार हटाने की बात पर उक्त व्यक्ति फौजदारी पर आमादा हो जाते हैं। उन्होंने सार्वजनिक रास्ते पर उठायी गयी दिवार को हटवाकर फिर से रास्ता शुरू कराने की मांग की है।

## हिंदू जागृति मंच प्रत्येक सोमवार को करेगा महाआरती:सुनीता यादव

सम्भल। हिंदू जागृति मंच ने श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को नगर के अलग–अलग शिव मंदिर पर जाकर सामूहिक आरती करने का निर्णय लिया है।ठेर मोहल्ले में स्थित वन खंडन मंदिर में आयोजित हिंदू जागृति मंच की बैठक में निर्णय लिया गया कि श्रावण माह के प्रत्येक सोमवार में नगर के विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर सामूहिक रूप से महा आरती का आयोजन किया जाएगा। हिंदू जागृति मंच की प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गुप्ता ने कहा कि भगवान शिव को श्रावण मास अत्यंत प्रिय है और श्रावण माह के सोमवार में भगवान शिव अपने भक्तों को मनचाहा वरदान देते हैं। महिला मंच की संरक्षक सुनीता यादव ने कहा कि



मनोकामना तीर्थ, सूर्यकुंड तीर्थ, महिला मंडल मंदिर, सरथलेश्वर मंदिर, सनातन धर्म मंदिर, सरथल चौकी मंदिर, अमृतकूप मंदिर, चामुंडा मंदिर पहुंचकर प्रत्येक सोमवार को संध्या समय सामूहिक रूप से महाआरती का भव्य आयोजन किया जाएगा। हिंदू जागृति मंच के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल ने श्रावण और सोमवार का विशेष महत्व बताया तथा सामूहिक आरती आयोजन में अपने साथी मित्रों परिचितों को आमंत्रित करने के लिए प्रेरित भी किया। जिला प्रवक्ता अमन सिंह ने कहा कि इस बार श्रावण माह पुरुषोत्तम माह है। अर्थात श्रावण मास 60 दिन का होगा जिसमें 8 सोमवार रहेंगे। इस अवसर पर सुभाष चंद्र शर्मा, वैभव छाबड़ा, आयुष गुप्ता, सुनीता यादव, मंजू रावत, शालिनी रस्तोगी, शोभा गर्ग, अंकुर रस्तोगी, श्याम शरण शर्मा, मनीष गर्ग, सुबोध कुमार गुप्ता, विकास कुमार वर्मा, भरत मिश्रा, अजय कुमार शर्मा आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक की अध्यक्षता हिंदू जागृति महिला मंच की जिला अध्यक्ष मीनू रस्तोगी ने की तथा संचालन जिला महामंत्री राजेंद्र सिंह गुर्जर ने किया।

## जिले की विद्युत आपूर्ति को लेकर वकीलों का फूटा गुस्सा, सौंपा ज्ञापन

**मेरी जुबान ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** शहर की बिजली आपूर्ति में बाधा के जिम्मेदार अधिकारियों के विरूद्ध वकीलों का गुस्सा फूटा और उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंप कर विद्युत आपूर्ति बहाल किये जाने की मांग की। मंगलवार को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश



के सदस्य एवं पूर्व चेयरमैन अजय कुमार शुक्ला के नेतृत्व में अधिवक्ता महासंघ व अन्य सामाजिक संगठनों का प्रतिनिधिमंडल डीएम कार्यालय पहुंचा। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी खीरी को सौंपा और कहा कि भ्रष्टाचार, अकर्मण्यता व निहित स्वार्थ के चलते शहर की विद्युत आपूर्ति में बाधा के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध उच्च स्तरीय जांच कराकर उनके विरुद्ध मुकदमा कायम कर गिरफ्तारी की जाय साथ ही तत्काल विद्युत आपूर्ति बहाल की जाय।

## ईको ट्रैक्टर की टक्कर में युवक घायल

सम्भल। थाना नखासा क्षेत्र के पक्का बाग स्थित हसनपुर रोड पर पानीपत से सवारी लेकर आ रही इको गाड़ी को ट्रैक्टर ने मारी जोरदार टक्कर जिसमें एक युवक हुआ घायल सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में कराया भर्ती ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस लेकर आई थाने। मंगलवार की सुबह नितिन धर्मपाल सिंह निवासी खेड़ा थाना भमोरा तहसील आंवला जनपद बरेली अपने परिवार के साथ पानीपत से अपने गांव जा रहा था वह अपने परिवार के साथ ही पानीपत धागा फैक्ट्री में काम करता है जैसे ही वह थाना नखासा क्षेत्र के पक्का बाग हसनपुर रोड स्थित पहुंचा तो संभल दिशा की ओर से जा रहे ट्रैक्टर ट्राली ने इको गाड़ी को टक्कर मार दी जबकि गाड़ी में नितिन पुत्र धर्मपाल सिंह केशव पुत्र धर्मपाल रवि पुत्र अजेंद्र सिंह निवासी नोरंगपुर थाना भमोरा जनपद बरेली बीना पत्नी दिनेश निवासी बिसौली थाना बिसौली जनपद बदायूं सभी लोग एक ही इकोगाड़ी में सवार होकर पानीपत आ रहे थे जबकि गाड़ी को ड्राइवर विजय पुत्र धर्मवीर निवासी पानीपत थाना इसराणा चला रहा था पानीपत से सवारिया लेकर आ रहा था जबकि इको गाड़ी में बैठा नितिन टक्कर लगने से घायल हो गया और इको गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई ।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा चलाएगी योगी सरकार

## 17 से 31 जुलाई तक सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति आमजन को किया जाएगा जागरूक



**लखनऊ।** योगी सरकार 17 से 31 जुलाई तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा चलाएगी। इसका उद्देश्य मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाना और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। वहीं मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए विभागों में दूसरी बार बिना हेलमेट कार्यालय आने वाले कर्मचारियों का प्रवेश निषिद्ध मानते हुए उन्हें अनुपस्थित माने जाने के भी निर्देश दिया गया है। वहीं पखवाड़े के तहत जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक भी आयोजित की जाएगी। पखवाड़े के अंतर्गत 15 दिन की कार्ययोजना भी तैयार कर ली गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत इससे जुड़े विभाग-परिवहन, गृह, लोक निर्माण विभाग, चिकित्सा व शिक्षा विभाग की कार्ययोजना के आधार पर आयोजन किया जाएगा।पिछले वर्ष की तुलना में सड़क दुर्घटना में 5.5 प्रतिशत व दुर्घटना के मृतकों की संख्या में 4.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सड़क दुर्घटना में दोपहिया वाहन चालकों की मृत्यु अधिक हुई है। यह स्थिति काफी चिंताजनक है। सरकार का विशेष ध्यान है कि मार्ग दुर्घटनाओं में कमी आए और लोग जागरूक हों। इसी क्रम में यह अभियान शुरू किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाने के लिए 15 दिन की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार उद्घाटन समारोह में सांसद, विधायक आदि जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। वहीं संबंधित विभागों के अफसरों को भी सम्मिलित किया जाएगा। परिवहन से जुड़े बस, ट्रक, ऑटो यूनियन, एनजीओ के पदाधिकारियों को बुलाया जाएगा और उनसे भी राय ली जाएगी। वहीं स्कूलों में भी प्रार्थना के उपरांत छात्रों को सड़क सुरक्षा की जानकारी देते हुए नियमों के पालन की शपथ दिलाई जाएगी। यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले कर्मचारियों पर योगी सरकार काफी सख्त है। निर्देश दिया गया है कि समस्त विभागों के कार्यालय परिसर में बिना हेलमेट लगाए आने वाले समस्त कार्मिकों को सार्वजनिक रूप से सचेत किया जाएगा। कार्यालय परिसर में चेतावनी सूचक बोर्ड लगाया जाएगा। भविष्य में दो पहिया वाहन पर बिना हेलमेट लगाए कार्मिकों का प्रवेश निषिद्ध करते हुए उन्हें अनुपस्थित माना जाएगा।

## एक्शन में योगी सरकार, बड़े स्तर पर पीसीएस अधिकारियों का तबादला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एक बार फिर बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। योगी सरकार ने मंगलवार यानी आज बड़ी संख्या में पीसीएस अधिकारियों का तबादला किया है। बताया जा रहा है कि लगभग 250 अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इनमें से अधिकतर एसडीएम हैं। बताया जा रहा है कि जिन पीसीएस अधिकारियों के तबादले हुए है वह बुधवार तक अपनी नई नियुक्ति पर पदभार ग्रहण कर लेंगे। पीसीएस रमेश यादवएस डीएम औरैया से एसडीएम बस्ती बनाए गए, पीसीएस लवगीत कौर एसडीएम औरैया से एसडीएम हाथरस बनाई गयी, पीसीएस निशांत तिवारी एसडीएम लखनऊ सेएसडीएम औरैया बनाए गए,पीसीएस राकेश कुमार एसडीएम अमेठी से एसडीएम औरैया बनाए गए, पीसीएस विनीत मिश्रा, ओएसडी, नोएडा अथॉरिटी सेएसडीएम, अलीगढ़,पीसीएस सतीश चंद्र त्रिपाठी एसडीएम प्रतापगढ़ से एसडीएम लखनऊ बने, पीसीएस नवीन चन्द्र एसडीएम सदर लखनऊ से एसडीएम उन्नाव बनाये गए, पीसीएस अनिल यादव एसडीएम ललितपुर से एसडीएम कुशीनगर बने,पीसीएस संजय पाण्डेय एसडीएम ललितपुर सेएसडीएम शाहजहांपुर बनाये गए,पीसीएस रवि प्रताप सिंह एसडीएम ललितपुर से ओएसडी केडीए कानपुर तबादला, पीसीएस प्रज्ञा पांडेय एसडीएम लखनऊ से एसडीएम उन्नाव बनीं,पीसीएस अंकित शुक्ला एसडीएम उन्नाव से एसडीएम लखनऊ बने, पीसीएस पवन कुमार एसडीएम गोरखपुर सेएसडीएम बाराबंकी तबादला हुआ,पीसीएस मनोज कुमार सिंह एसडीएम औरैया से एसडीम रायबरेली बनाए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रैक्टर और कल्टी के बीच दबकर किसान की मौत

**मेरी जुबान संवाददाता**

**मैगलगंज - खीरी।** धान की पौध रोपाई के लिए खेत तैयार कर रहे किसान की ट्रैक्टर के नीचे दबकर मौत। हादसा पानी भरे खेत की जुताई करते समय हुआ। किसान की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी मैगलगंज के रहजनिया निवासी 60 वर्षीय हीरा धान को पौध रोपाई के लिए खेत में पानी भर कर सुबह ट्रैक्टर से खेत की जुताई कर रहे थे। जुताई करते समय ट्रैक्टर खेत की गीली मिट्टी में फंस गया। हीरा पहियो मे लडकी बाध कर ट्रैक्टर को ऊपर निकालने का प्रयास कर रहे थे, इसी बीच ट्रैक्टर आगे से उठ गया और पीछे बंधे कल्टीवेटर के ऊपर पलट गया। चालक सीट पर बैठे हीरा की ट्रैक्टर और कल्टीवेटर के बीच दबकर मौत हो गई। परिजन उन्हें लेकर मैगलगंज अस्पताल पंहुचे। वहां डॉक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया।

### जिला कारागार का निरीक्षण

**मेरी जुबान - संवाद्दाता**

**पीलीभीत।** सुनील कुमार अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत के द्वारा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के द्वारा जारी दिशा निदेर्शों के अनुक्रम में जिला कारागार में अपरान्ह 01 बजे औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुनील कुमार पूर्णकालिक सचिव के द्वारा जेल अधीक्षक को दिशा निर्देश दिये गये कि जेल बंदियों को विधिक सहायता विशेष रूप से मिलनी चाहिए तथा जिन बंदियों के पास अधिवक्ता नही है उनके सम्बन्ध में पत्राचार करें तथा जिन बंदियों की जेल अपील नही हुई है आवश्यकता रूप से जेल अपील करवायें साथ ही भोजनालय का निरीक्षण किया गया। जेल चिकित्सालय निरीक्षण के दौरान अस्पताल में भर्ती जेल बंदियों का हाल-चाल जाना। निरीक्षण के दौरान जेल के अधिकारीगण संजय राय जेल अधीक्षक एवं डिप्टी जेलर राघवेन्द्र वर्मा एवं कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत के डी0ई0ओ0 सतेन्द्र सिंह भी मौजूद रहें।



## पयाम ए इंसानियत फोरम ने सीएमओ ऑफिस में लगाई ठंडे पानी की मशीन

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पयाम ए इंसानियत फोरम लखनऊ की तरफ से एक ठंडे पानी की मशीन सी०एम0ओ0 ऑफिस गोलागंज लखनऊ में लगाई गयी । सी0एम0ओ0 डा0 मनोज अग्रवाल ने संस्था का उनके इस काम के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के काम हमारे समाज में बहुत कम हो गये हैं। पानी पिलाना वैसे भी सभी धर्मों में सबसे पुण्य काम माना गया है ऐसे में संस्था का ये काम सराहनीय है मैं इस संस्था को लंबे अरसे से जानता हूं जब मैं सी0एम0ओ0 लखीमपुर के पद पर तैनात था तभी से संस्था के कार्यों से प्रभावित हूं और वहां बाढ़ग्रस्त इलाकों में संस्था द्वारा किया गए कामों को देख कर मुझे इस संस्था से जुड़ने में गर्व महसूस हो रहा था, आज जो पानी की मशीन संस्था ने लगवाई है उस से मरीज और तीमारदारों के साथ साथ ही राहगीरों और हमारे ऑफिस के लोगों को पीने का ठंडा पानी मिलेगा। इस मौके पर संस्था के अहम सदस्य मौलाना आसिम नदवी ने कहा कि हम सब चाहे जिस भी मजहब के मानने वाले हों लेकिन सबसे पहले हम सब इंसान हैं और एक इंसान का फर्ज है कि वह दूसरे इंसान का ख्याल रखे और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को ढंग से निभाए। वहीं ऑल इंडिया पयाम ए इंसानियत फोरम के प्रबंधक डा. रियाज ने कहा कि हमारी संस्था विगत कई वर्षों से मानवता की सेवा में कार्यरत संस्था है ये संस्था समाज में ऊंच नीच जात पात और धर्म का फर्क किए बिना सिर्फ मानवता की सेवा करती रहती है। बाद में संस्था के कोऑर्डिनेटर शफीक चौधरी ने सबके सहयोग की प्रशंसा की और तमाम लोगों का उनके सहयोग के लिए धन्यवाद भी दिया इस मौके पर संस्था के शफीक चौधरी के साथ खालिद भाई मौजूद रहे।

# फावडे से दोस्त ने कि दोस्त की हत्या

**हत्या कर दोस्त खुद थाने पहुंचा......**

**● ग्रामीणों ने बताया है कि मृतक नशे का आदी था। दोनों नशे मे थे। मृतक के भाई की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। सुबोध जायसवाल सीओ,**





**मैगलगंज - खीरी।** शराब का इतना सुरूर चढा कि दोस्त ने दोस्त युवक को फावड़े से हत्या कर थाने पहुंच गया। रात 11 बजे की वारदात के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के परिजनों के बयान दर्ज किये। और आरोपी को जेल भेज दिया। थाना मैगलगंज की पुलिस चौकी मढ़िया घाट के बेहडा जोरावर गांव निवासी 28 वर्षीय भानु पुत्र केदार कुशवाहा और मुंशीलाल मे गहरी दोस्ती थी। साथ उठना - बैठना और खाना - पीना अक्सर हुआ करता था। बताया जा रहा है कि रविवार की देर रात भानु और मुंशीलाल अपने कुछ साथियो के साथ गांव के बाहर खेत के पास बैठकर शराब पी रहे थे। इसी बीच नशे की हालत मे दोनों में विवाद शुरू हो गया। तभी ताब मे आये मुंशीलाल ने पास मे रखे फावडे से भानु की गर्दन पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। जिससे भानु की मौके पर ही मौत हो गई। भानु का लहूलुहान शव छोड़कर अन्य साथी भाग गए। उधर जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। जबकि दोस्त की हत्या कर मुंशीलाल खुद ही थाने पहुंच गया और हत्या का गुनाह भी कबूल किया। सूचना पाते ही थाना प्रभारी विवेक उपाध्याय और सीओ मितौली सुबोध जायसवाल घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस को भानु के शव के पास ही खून से सना फावड़ा मिला। पुलिस ने फावड़े को कब्जे में लेकर परिजनों के बयान दर्ज किए। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर मुंशीलाल के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। यह भी बताया कि मुंशीलाल को भानु गालियां दे रहा था। इसी बात पर उसने भानु की हत्या कर दी। ग्रामीणों के अनुसार मृतक शराब व अन्य प्रकार के नशे का आदी था।

### अनियंत्रित होकर रोडवेज बस पलटी, 13 यात्री घायल

**बदायूं से बरेली जा रही थी रोडवेज बस**

**मेरी जुबान ब्यूरो**

**बदायूं।** वजीरगंज इलाके में एक रोडवेज बस पलटने से 13 यात्री घायल हुए। हादसा सुबह करीब 8:00 बजे हुआ। उस दौरान बरेली डिपो की रोडवेज बस चंदौसी से वजीरगंज होते हुए बरेली जा रही थी। तभी अचानक सुरसेना के समीप चालक संतुलन खो बैठा, जिससे बस असंतुलित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। इससे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। शोर-शराबा सुनकर गांव के तमाम लोग पहुंच गए। उन्होंने बस का पिछला शीशा तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला। इस हादसे में राकेश, उनका बेटा नीरज निवासी गांव नंदवारी, सुधा गुप्ता पत्नी रिषी गुप्ता को बरेली रेफर कर दिया गया है। जबकि किरन पत्नी अमित, उनका बेटा अभिनव, फहीम, नसीम, इस्तखार, रजनी, समीम और विशाल समेत 13 यात्री घायल हो गए इन्हें जिला अस्पताल भेजा गया।



# मंगला गौरी व्रत के साथ सावन शुरू

## मनकामेश्वर महादेव का दर्शन करने के लिए लगी लंबी लाइन

**लखनऊ ।** मंगला गौरी व्रत के साथ सावन मंगलवार को से शुरू हो गया है। श्रावण मास के साथ ही लखनऊ के शिव मंदिरों में भोलेनाथ की जय जयकार हो रही है। डालीगंज के मनकामेश्वर मन्दिर, चौक के कोनेश्वर मन्दिर, राजेन्द्रनगर के महाकाल मन्दिर समेत अन्य मन्दिरों में सुबह जलाभिषेक के लिए लाइन लगी रही। मनकामेश्वर मन्दिर की महंत देव्या गिरि ने बताया कि सावन के पहले दिन से यहां बाबा मनकामेश्वर महादेव की पूजन जलाभिषेक करने के लिए बड़ी संख्या में भक्त आ रहे हैं। इस मौके पर रुद्राभिषेक भी होगा। स्वास्तिक ज्योतिष केन्द्र के ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि इस साल सावन का महीना 4 जुलाई से शुरू होकर 31 अगस्त तक चलेगा। इस बार सावन पर बहुत ही खास संयोग बन रहा है। जिसमें 8 सोमवार को व्रत किए जाएंगे। सावन का पहला सोमवार 10 जुलाई और आखिरी सोमवार 28 अगस्त को पड़ेगा। सावन में 8 सोमवार होंगे जो 10, 17, 24, 31 जुलाई फिर 7, 14, 21, 28 अगस्त को है। सावन में ही अधिक मास है। ज्योतिषाचार्य आनन्द दुबे ने बताया कि सावन के महीने में भगवान शंकर की पूजा करने और व्रत रखने से मनोकामना पूरी होती है। सावन के पहले दिन मंगलवार को महिलाएं मंगला गौरी का व्रत रखेंगी। सावन महीने में चार और अधिक मास में 5 मंगला गौरी व्रत रखें जाएंगे। लखनऊ के मनकामेश्वर मंदिर के महंत देव्यागिरी ने लोगों से अपील है कि वो भारतीय संस्कृति के अनुसार ही कपड़े पहनकर मंदिर आएं। 4 जुलाई से शुरू होने जा रहे पवित्र माह सावन इस साल 59 दिनों का होगा जिसका समापन 31 अगस्त को होगा। इस खास मौके पर मंदिरों को सजाया और संवारा गया है। वहीं प्रशासन भी अपने स्तर से सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर रहा है। सोमवार इस वर्ष सावन में अधिक मास यानी मलमास लग रहा है। यह फलदायी है। विशेष बात यह है कि ऐसा शुभ योग 19 वर्षों के बाद प्राप्त हो रहा है।

## लखनऊ में सड़क धंसी, कार गड्ढे में गिरी,जलभराव से बढ़ी परेशानी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। यहां मंगलवार सुबह बलरामपुर हॉस्पिटल के सामने बारिश के कारण सड़क धंस गई। इसमें कार गड्ढे में गिर गई। हल्की बारिश में भी नगर निगम के व्यवस्थाओं की पोल खुलने लगी है। महज आधे घंटे की बारिश की वजह से जलभराव होने लगा है। जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि सड़क ठीक से नहीं बनाई गई है, जबकि नालों की सफाई का काम महज खानापूर्ति कर छोड़ दिया गया है। नटखेड़ा रोड व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा का कहना है कि उनके यहां की सड़क बहुत ज्यादा खराब हो गई है। इसकी वजह से आए दिन कोई न कोई गिरकर घायल हो जाता है। जयप्रकाश नगर पर रोज ही लोग चोटिल हो रहे हैं। यहां सीवर साफ करने के बाद मिट्टी बाहर निकाल के साइड में छोड़ दी गई है। अब बारिश के बाद वह पूरे सड़क पर फैल गई है। 2 दिन से लगातार यहां एक्सीडेंट हो रहा है। बताया कि इसके अलावा आलमबाग के नटखेड़ा रोड इलाके में तीन दिन से पानी की समस्या है। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने सरकार पर हमला बोलते हुए अपने फेसबुक पर लखनऊ में सड़क के गड्ढे में गिरी कार की फोटो शेयर की है। उन्होंने ऐसे मामले की जांच पर सवाल उठाए हैं। पत्थर हटाकर नालों की सफाई की जाती है लेकिन इस बार शहर के ज्यादातर वार्ड में सफाई के नाम बड़े स्तर पर खेल किया गया है। नगर निगम में हर बार नालों की सफाई में ऐसे ही खेल होता है। इसकी वजह से शहर की 20 लाख से ज्यादा आबादी जलभराव झेलती है। मौलवीगंज वार्ड के पार्षद मुकेश सिंह मोंटी और इस्माईलगंज द्वितीय के पूर्व पार्षद समीर पाल सोने ने बताया कि इस बार सफाई के नाम पर खानापूर्ति किया गया था। इसकी वजह से नाले पहले ही भर गए थे। अधिकारी और ठेकेदार की मिलीभगत से पांच करोड़ रुपए का घपला किया गया है। सफाई के मामले में सबसे ज्यादा खेल छोटे नालों में किया गया है। 1 हजार से ज्यादा नालों की सफाई ठीक से नहीं की गई है। इसको लेकर कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान, पार्षद अमित चौधरी, पंकज पटेल समेत कई पार्षद काम पर सवाल उठाते आए हैं।

### गुरू पूर्णिमा पर किया शिक्षाविद व चिकित्सा विद का सम्मान

**लखीमपुर खीरी।** भारत विकास परिषद, शाखा लखीमपुर अवध प्रान्त एन सी आर- 2 ने सोमवार को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर एवं गत 01 जुलाई को डॉक्टर्स डे के अवसर पर शाखा ने अपने संरक्षक मण्डल से मेजर यज्ञदत्त मिश्र से. नि. प्राचार्य, डी एस इण्टर कॉलेज एवं डॉ. वाई बी चन्द, से.नि.वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ, जिला अस्पताल, खीरी को सम्मानित किया। वहीं अध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह ने माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र तथा सचिव डॉ. प्रदीप कुमार गुप्ता ने उपहार देकर गुरु एवं चिकित्सक दोनों को सम्मानित किया। इस अवसर पर शाखा के वरिष्ठ सदस्य हरि प्रकाश त्रिपाठी ने दोनों संरक्षकों को उनके अपने क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में शाखा सदस्य मधुलिका त्रिपाठी एवं सतीश चन्द्र टंडन द्वारा बच्चों में गुरु के प्रति सम्मान व आदर के भाव का बीजारोपण करने हेतु मानव जीवन में गुरु के महत्व की जानकारी दी। अध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह ने समाज के स्वास्थ्य की देखभाल में चिकित्सक की महती भूमिका व योगदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें ईश्वर का दूसरा रूप बताया। मेजर यज्ञदत्त मिश्र के ने काव्य पाठ की उपस्थित सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से सराहना की। इस अवसर पर नरेश चन्द वर्मा प्रांतीय प्रकल्प संयोजक योग एवं नशमुक्ति, छोटेलाल व राम बहादुर उपस्थित रहे। सचिव डॉ. प्रदीप कुमार गुप्ता ने आए हुए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।



# मुख्य सचिव ने मध्य प्रदेश की एथलीट आशा मालवीय को भेंट की साइकिल व स्पोर्ट्स किट

**लखनऊ ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने लखनऊ विकास प्राधिकरण कार्यालय में मध्य प्रदेश की एथलीट आशा मालवीय को साइकिल व स्पोर्ट्स किट भेंट किया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने आशा मालवीय को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके इस प्रयास से अन्य महिलाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। यह अत्यन्त सराहनीय है कि वह अभी तक 22 राज्यों में 19,000 किलोमीटर से ज्यादा दूरी की साइकिल यात्रा कर चुकी हैं। आशा मालवीय की यह यात्रा दशार्ती है कि बदलते दौर का यह भारत महिलाओं के लिए कितना सुरक्षित है। आशा मालवीय जैसी महिलाएं नारी सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की अपराध के प्रति जीरो टालरेंस नीति का ही नतीजा है कि आज महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस कर रही हैं। शिक्षा का क्षेत्र हो, खेल का मैदान हो या फिर व्यवसाय अथवा नौकरी सभी वर्गों में बेटियां आगे आकर नित नये आयाम स्थापित कर रही हैं। इस मौके पर मुख्य सचिव ने लखनऊ विकास प्राधिकरण भवन के 10वें तल पर जाकर शहर का नजारा देखा। इसके उपरांत मुख्य सचिव, मण्डलायुक्त, उपाध्यक्ष व साइक्लिस्ट आशा मालवीय ने प्राधिकरण कार्यालय के लॉन में पौधारोपण किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने ग्रीन बेल्ट विकसित करके शहर को हरा-भरा बनाने के लिए प्राधिकरण के प्रयासों की सराहना भी की। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के ग्राम नाटाराम निवासी साइक्लिस्ट आशा मालवीय पिछले वर्ष मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस 1 नवम्बर 2022 को भोपाल से ह्यमहिला सुरक्षा व सशक्तिकरणह्व के प्रति जन-जन को जागरूक करने के उद्देश्य से अकेले 25,000 किलोमीटर की साइकिल यात्रा पर निकली हैं। आशा मालवीय एक राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी व पर्वतारोही भी हैं। वह कुछ दिन पूर्व अपनी यात्रा के क्रम में 23वें राज्य के रूप में उत्तर प्रदेश में पहुंची हैं। इस मौके पर मण्डलायुक्त डॉ0 रोशन जैकब, एलडीए के उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी व सचिव पवन कुमार गंगवार समेत अन्य अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

## मुख्य सचिव से वर्ष 2022 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं भारतीय वन सेवा के 14 प्रशिक्षु अधिकारियों ने भेंट की


**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र से वर्ष 2022 बैच के यूपी संवर्ग के भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं भारतीय वन सेवा के 14 प्रशिक्षु अधिकारियों ने भेंट की। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि सामूहिक भावना से प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करते रहना चाहिए। जो मूल्य सीखे हैं, उन्हें सैद्धांतिक दायरे तक सीमित नहीं रखना चाहिए। देश के लोगों के लिए काम करते हुए उन्हें कई चुनौतियों और कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा, ऐसे में उन्हें इन मूल्यों का पालन करते हुए पूरे विश्वास के साथ काम करना होगा। विभाग में वरिष्ठ अधिकारी राज्य सरकार की योजनाओं को आम जनमानस तक कैसे पहुंचा रहे हैं, कैसे कार्य कर रहे हैं, इन बातों को सीखने का प्रयत्न निरंतर करते रहना चाहिए, सीखने की आदत नहीं छोड़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश को प्रगति और विकास के पथ पर अग्रसर करना तथा देश की जनता के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करना, उनका संवैधानिक कर्तव्य के साथ-साथ नैतिक दायित्व भी हैं। समाज के हित के लिए कोई भी कार्य कुशलतापूर्वक तभी पूरा किया जा सकता है, जब सभी हितधारकों को साथ लिया जाए। उन्होंने कहा कि देश का अमृत काल चल रहा है। अगले 25 वर्षों में देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नीति-निर्माण और उनके कार्यान्वयन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

### शिवपाल बोले, कभी बीजेपी से अलग नहीं रहे ओपी राजभर, 2024 में विपक्ष एक साथ मिलकर लड़ेगा चुनाव

**लखनऊ।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के बयान पर शिवपाल यादव ने पलटवार किया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि राजभर कभी भी बीजेपी से अलग नहीं रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हम अखिलेश यादव के साथ बैठेंगे तो पता चल जाएगा कि हम किसके साथ है। उन्होंने कहा कि 2024 में विपक्ष एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेगा। उन्होंने कहा कि मैं बीजेपी को अच्छी तरह से जानता हूं। उन्होंने निषाद पार्टी के प्रमुख संजय निषाद पर भी हमला बोला उन्होंने कहा कि हमारी संजय निषाद से कभी मुलाकात नहीं हुई है।

# स्वामी विवेकानन्द की 121वीं पुण्य तिथि मनायी

**लखनऊ।** स्वामी विवेकानन्द की 121वीं पुण्य तिथि के अवसर पर हेल्प यू एजुकेशनल एण्ड चौरिटेबल ट्रस्ट के 25ध्2जी, सेक्टर-25, इन्दिरा नगर स्थित कार्यालय में श्रद्धेय पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के तहत हेल्प यू एजुकेशनल एण्ड चौरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी हर्ष वर्द्धन अग्रवाल, न्यासी डॉ. रूपल अग्रवाल एवं ट्रस्ट के स्वयंसेवकों ने स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया, इस अवसर पर हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी, हर्ष वर्द्धन अग्रवाल ने कहा, यह हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है कि आज हम स्वामी विवेकानन्द जी की पुण्य तिथि मना रहे हैं। यह दिन एक महान आदर्शवादी, धार्मिक नेता और योगी को समर्पित है जिन्होंने अपने जीवन से दुनिया को ज्ञान, समग्रता और आध्यात्मिकता के प्रतीकों से परिचित कराया। स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी, 1863 में हुआ था और उनकी मृत्यु 4 जुलाई, 1902 को हुई थी। उनके जीवन के इस संक्षिप्त समय में, उन्होंने भारतीय संस्कृति और धर्म की महत्ता को संपूर्ण विश्व में फैलाया। स्वामी विवेकानंद ने विश्वभर में अपने व्याख्यानों और प्रवचनों के माध्यम से लोगों को तत्त्वज्ञान की अद्भुत ज्योति प्रदान की तथा ज्ञान, उद्यम, एकता, और मानवता के सिद्धांतों को अपनाने पर बल दिया क्योंकि स्वामी जी का यह मानना था ।



# सम्पादकीय

## जनता से छल

महाराष्ट्र में राकांपा में टूट और राजग के कुनबे का विस्तार करते हुए बागियों का सरकार में शामिल होना राजनीतिक अनिश्चितताओं के साथ नेताओं के सत्ता मोह को भी दशार्ता है। विधायकों का रातों-रात पाला बदलकर दूसरे की सरकार में शामिल होना बताता है कि सत्ता के लिये परिवार व पार्टी के कोई मायने नहीं हैं। लेकिन एक बात तो साफ है कि दल-बदल निरोधक कानून आया राम-गया राम की राजनीति पर अंकुश लगाने में नाकामयाब रहा है। बल्कि कहा जा सकता है कि सत्ता के लिये महत्वाकांक्षी राजनेताओं ने कानून के प्रावधान में नये छिद्र तलाशे हैं। बल्कि यूं कहें कि दलबदल का दायरा बड़ा हो गया है। इस बदलाव का संकेत यह भी है कि केंद्र में सत्तारूढ़ दल सत्ता व अन्य ताकत के स्त्रोतों के जरिये किसी भी दल में तोड़फोड़ करने में सक्षम हो जाता है। राज्य में सरकार बनाने के लिये पहले भाजपा व शिवसेना का मिलकर चुनाव लड़ना और चुनाव के बाद भाजपा से नाता तोड़कर शिवसेना का कांग्रेस, राकांपा आदि दलों के साथ सरकार बनाना, फिर शिवसेना में विद्रोह और भाजपा के साथ बागी शिवसैनिकों का सरकार में शामिल होना बताता है कि कैसे राजनेता किसी दल विशेष के खिलाफ जनता से वोट मांगते हैं और फिर सत्ता सुख के लिये उसी विरोधी राजनीतिक दल के बगलगीर हो जाते हैं। निस्संदेह, ये मतदाताओं के साथ छल ही है। आप ने दूसरे मुद्दों पर वोट मांगा और किसी दल विशेष के खिलाफ जनादेश पाया और बाद में कुर्सी के लिये उसी दल की सरकार का हिस्सा हो गये। पिछले कुछ सालों में महाराष्ट्र में राजनीतिक विद्रूपता के साथ ही राज्यपाल की भूमिका को लेकर भी खासे विवाद हुए। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट को सख्त टिप्पणी करनी पड़ी। लेकिन एक बात तो तय है कि कदम-कदम पर लोकतांत्रिक शुचिता का हनन जारी है। बहरहाल,सत्ता सुख के लिये राजनीतिक विद्रूपताओं का चेहरा सबके सामने उजागर हो गया है। वहीं दूसरी ओर राकांपा में चाचा -भतीजे की महत्वाकांक्षाओं से उपजी फूट में कहीं न कहीं परिवारवादी राजनीति का हश्र भी सामने आया है। देश में कुछ दशकों से परिवारवाद की राजनीति का जो विद्रूप चेहरा सामने आया है, यह उसकी परिणति ही है। हालांकि, पहले भी अजीत पवार भाजपा के साथ मिलकर सरकार चलाने की कोशिश कर चुके हैं, लेकिन हालिया संकट तब उपजा जब शरद पवार ने अपनी राजनीतिक विरासत बेटी सुप्रिया सुले को सौंपी। यही पुत्री मोह शरद पवार को भारी पड़ गया। निस्संदेह, जो राजनीतिक दल परिवारवाद की राजनीति का पोषण करते हैं उन्हें कालांतर परिवार के बिखराव का दंश भी भुगतना ही पड़ता है। बहरहाल, यह घटनाक्रम न केवल राष्ट्रवादी कांग्रेस बल्कि महाविकास अघाड़ी के लिये भी बड़ा झटका है। वहीं दूसरी ओर पिछले दिनों शुरू हुई विपक्षी एकता की कोशिशों को भी इस घटनाक्रम से क्षति पहुंची है। जाहिर तौर पर तोड़फोड़ के इस खेल का लक्ष्य अगले साल होने वाला आम चुनाव भी है। यह सर्वविदित है कि उत्तर प्रदेश के बाद सबसे ज्यादा लोकसभा की सीटें महाराष्ट्र से ही हैं। वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार चला रहे दलों को आम चुनाव में सुविधाजनक तंत्र के चलते कुछ बढ़त तो मिलती ही है। राज्य में तुरत-फुरत हुए शपथ ग्रहण कार्यक्रम के आयोजन के निहितार्थ यह भी थे कि पहली बार चाचा से विद्रोह करने वाले अजीत पवार कहीं पहले की तरह फिर से राकांपा के खेमे में न लौट जाएं। जाहिरा तौर पर आने वाले दिनों में लड़ाई इस बात को लेकर भी होगी कि पार्टी का असली मुखिया कौन होगा।

# मणिपुर और फ्रांस

सरकारों की संवेदनहीनता, भेदभाव पर उदासीनता और अन्याय के प्रति सहिष्णुता का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है, यह बात फ्रांस से लेकर भारत में मणिपुर तक देखी जा सकती है। मणिपुर पिछले दो महीने से धधक रहा है, लेकिन कमाल है कि दुनिया को लोकतंत्र का सबक सिखाने का दंभ करने वाले प्रधानमंत्री मोदी को इन दो महीनों में दो मिनट की फुर्सत भी मणिपुरियों की ओर देखने की नहीं मिली। ये शायद उनके लोकतंत्र की परिभाषा है, जहां चुनाव प्रचार करना प्रधानमंत्री का प्रधान काम बन गया है और अगर उससे वक्त मिले तो देश के मसले सुलझाने पर वे ध्यान दें। फिलहाल उनकी प्राथमिकता में मणिपुर नहीं है और ये कहना कठिन है कि कब जाकर इस सुंदर, प्राकृतिक संपदा से भरपूर, सीमांत राज्य में शांति बहाली होगी। मोदीजी के कार्यक्रमों की सबसे तेज और पल-पल की खबर देने वाले पत्रकार भी मणिपुर की बात नहीं कर रहे हैं। क्योंकि उनके मुखिया इस बारे में कुछ नहीं कह रहे, तो वे किस बात की रिपोर्टिंग करेंगे। वैसे अभी ये भी नहीं पता कि प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस में चल रही हिंसा पर कुछ कहा या नहीं। उन्हें विश्वनेता बनने का जुनून है, तो हो सकता है वे फ्रांस के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करें और फ्रांस की सरकार को हर संभव मदद का आासन दे दें। देश के कई मीडिया चौनलों और पत्रकारों ने फ्रांस पर चर्चा-परिचर्चा शुरू भी कर दी है। मणिपुर न सही, फ्रांस में हो रही हिंसा पर तो बात हो ही सकती है, उससे भाजपा पर कोई सवाल नहीं उठेंगे। गौरतलब है कि पिछले मंगलवार को 17 बरस के नाहेल नाम के किशोर को पेरिस के नॉन्ते में ट्रैफिक सिग्नल पर नहीं रुकने के कारण पुलिस ने गोली मार दी। आरोपी पुलिसकर्मी का कहना है कि उसे डर था कि वह लड़का अपनी कार से किसी को कुचल न दे। फ्रांस समेत कई यूरोपीय देशों में नस्लभेद का जो



दौर चला है, उसमें पुलिसकर्मी को ऐसे ही किसी डर से ग्रसित होना था। नाहेल मुस्लिम था, अरबी लोगों की तरह उसकी पहचान की जा सकती थी, तो जाहिर है पुलिसकर्मी ने पूर्वाग्रह के कारण उसे केवल अपने डर की वजह से गोली मार दी। नाहेल किसी और शक्ल-सूरत का होता तो शायद ऐसा नहीं होता। भारत के प्रधानमंत्री कपड़ों से पहचान का आह्वान करते हैं, फ्रांस में शक्ल से पहचान की जा रही है, उधर अमेरिका में तो यह काम बरसों से हो ही रहा है। ब्लैक लाइव मैटर्स अभियान बीच-बीच में ऐसी प्रवृत्ति के लिए चुनौती खड़ी करते हैं, लेकिन दुनिया के हालात तब तक नहीं सुधरेंगे, जब तक ब्लैक, व्हाइट, ग्रे, ब्राउन, यलो हर तरह की लाइफ के मैटर करने का भाव लोगों में नहीं भरेगा। भारतीय परंपरा के शब्दों में कहें तो प्राणि मात्र पर दया का भाव जब तक मानव नहीं अपनाएगा, तब तक ऐसे अन्याय होते ही रहेंगे। नाहेल की मौत अल्पसंख्यकों की प्रताड़ना की एक और घटना की तरह रफा-दफा नहीं हुई, बल्कि इस बार फ्रांस इस एक मुद्दे के कारण सुलग उठा। पेरिस को प्रेम के लिए दुनिया उपयुक्त स्थान मानती है, लेकिन आज उसी पेरिस में लोगों को घरों में रहने का फरमान जारी हुआ है और सड़कों पर पुलिस की गश्त चल रही है। मर्साय, ल्योन और ग्रेनोब्ले जैसे कई शहरों में दंगे, लूटपाट, आगजनी की घटनाएं हो रही हैं। कई वाहनों को दंगाइयों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। फ्रांस की पुलिस ने अब तक 2 हजार से अधिक लोगों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के रवैये से नाराज लोग नाहेल को इंसाफ दिलाने की मांग पर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर प्रदर्शनकारियों की ओर एकजुटता की अपील की वजह से भी लोग बड़ी तादाद में सड़कों पर निकल रहे हैं. इससे पुलिस का काम और मुश्किल होता जा रहा है। ब्रसेल्स में यूरोपीय संघ की बैठक छोड़ राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों फ्रांस लौट आए, उन्होंने अपना जर्मनी दौरा भी रद्द कर दिया। उन्होंने नाहेल की मौत को माफी लायक न बताते हुए उसकी निंदा की थी। लेकिन अब राष्ट्रपति मैक्रों ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि श्एक नाबालिग की मौत का दुरुपयोग अस्वीकार्य है। उन्होंने हिंसा पर लगाम लगाने के लिए सोशल नेटवर्कों के साथ मिल कर काम करने की बात कही है। साथ ही हिंसा कर रहे नाबालिगों के मां-बाप से भी उनकी जिम्मेदारी लेने को कहा है। सरकार के मुताबिक, हिंसा करने वालों में एक तिहाई संख्या नाबालिगों की है।राष्ट्रपति मैक्रों ने खुद को नीरो होने का ठप्पा लगाने से बचा लिया है, क्योंकि वे हालात पर नजर रख रहे हैं। देश के एक हिस्से को जलता छोड़ विदेश यात्रा पर नहीं निकल गए। लेकिन फ्रांस की सरकार पर यह आरोप तो बनता ही है कि देश में नस्लीय और जातीय हिंसा की सुलग रही चिंगारी को न संभालने के कारण आज यह आग लगी है। अब इस आग की चपेट में फिर से अल्पसंख्यक समुदाय आता दिख रहा है। क्योंकि अब कई यूरोपीय देशों के नेता इसे अफ्रीकी और मुस्लिम शरणार्थियों की समस्या से जोड़ रहे हैं। नीदरलैंड के दक्षिणपंथी सांसद गिर्ट विल्डर्स ने ट्वीट किया श्अगर आप जिहाद का आयात करेंगे तो हैरान मत होइए कि आप खिलाफत बन जाएं।श पोलिश नेता डोमिनिक टार्जिंस्की का एक पुराना साक्षात्कार वायरल हो रहा है, जिसमें वो कहते हैं कि हमने 20 लाख यूक्रेनियों को शरण दी है जो शांति से यहां रह रहे हैं और काम कर रहे हैं। अवैध मुस्लिमों के न होने से हमारा देश सुरक्षित है। इस तरह के बयान बता रहे हैं कि एक बार फिर अल्पसंख्यकों को निशाना साधने के मौके तलाशे जा रहे हैं। वैसे फ्रांसीसी सरकार और प्रशासन के अलावा समाज में प्रतिष्ठा रखने वाले लोग भी शांति के लिए प्रयास कर रहे हैं। फ्रांस के फुटबॉल स्टार किलियान एमबापे ने शांति की अपील करते हुए कहा है कि हिंसा से कोई समाधान नहीं निकल सकता।

# फ्रांस मे आयातित जेहाद

फ्रांस में अल्जीरिया मूल के 17 वर्षीय नाबालिग की पुलिस की गोली से हुई मौत के बाद भड़की हिंसा की आंच बेघ्ल्जयम और स्विट्जरलैंड जैसे देशों तक पहुंच गई है। फ्रांस में लगातार पांचवें दिन भी हिंसा जारी है। 45 हजार से अधिक पुलिसकर्मी सड़कों पर हैं और 2300 से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। फ्रांस की हिंसा का अन्य देशों में पहुंचना बहुत ही चिंता का विषय है। अब तक फ्रांस में अरबों रुपए की सार्वजनिक सम्पत्ति तबाह हो चुकी है। हालांकि पुलिस की गोली से मारे गए किशोर नाहेल की दादी नादिया ने प्रदर्शनकारियों से अपील की है कि वे शांति बनाए रखें और हिंसा का रास्ता छोड़ें। हम नहीं चाहते कि दुकानों और स्कूलों को तबाह किया जाए। बसों को नष्ट मत कीजिए। मेरी जैसी मां ही होती है जो बसों में सफर करती है। उन्होंने यह भी कहा कि हिंसा करने वाले लोग नाहेल की मौत को एक बहाने की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों भी बार-बार लोगों से शांति की अपील कर रहे हैं लेकिन अभी तक हिंसा के थमने का कोई संकेत नहीं मिल रहा। नाहेल की पुलिस की गोली से मौत और हिंसा के वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करने के बाद अन्य कई देशों में भी इस की प्रघ्तिक्रिया शुरू हो चुकी है। हिंसा के तांडव के बीच सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर कौन लोग हैं जिन्होंने हिंसा को भड़काया है या यह कोई नया प्रयोग है। आखिर उनका मकसद क्या है। दंगों का मास्टर माइंड कौन है। इस हिसा के भड़काने के पीछे सोशल मीडिया भी काफी हद तक जिम्मेदार है। सोशल मीडिया के लगभग सभी प्लेटफार्मों ने गंभीर लापरवाही दिखाई है। फ्रांस के ऐसे हालात देखकर ऐसा नहीं लगता कि वास्तव में यह आक्रोश एक गोलीकांड की वजह से है। दरअसल शार्ली एब्दो कांड के बाद से फ्रांस इसी तरह के दंगों की आग में झुलसने लगा था। इन घटनाओं में वृद्धि होने के पीछे मुस्लिम शरणार्थियों का ही नाम आया था और फ्रांस की ताजा हिंसा के पीछे भी मुस्लिम शरणार्थियों को ही जिम्मेदार माना जा रहा है। इन आशंकाओं से इंकार नहीं किया जा सकता कि फ्रांस में गोलीकांड एक संयोग था और दंगे मुस्लिम शरणार्थियों का प्रयोग है। फ्रांस के जो लोग दंगाईयों से अपने घरों को बचाने के लिए बाहर आ रहे हैं उन्हें भी नहीं छोड़ा जा रहा। फ्रांस की तुलना सीरिया और ईरान से की जाने लगी है। फ्रांस में एक मजबूत लोकतंत्र है। जहां अभिव्यक्ति की आजादी है और आंदोलन का अधिकार है लेकिन दंगाईयों ने सभी लक्ष्मण रेखाएं लांघ दी हैं। फ्रांस में किशोरों के घ्लिए कोई सख्त कानून भी नहीं है और हिसा में लिप्त ज्यादातर किशोर भी मुस्लिम हैं। यूरोप के लोग खुलेआम यह कह रहे हैं कि फ्रांस ने जब उदार बनकर जेहाद को आयात किया है तो ऐसा होगा ही। इतिहास के पन्ने पलटे तो फ्रांस में प्रवासियों का इतिहास बहुत पुराना है। वर्ष 1871 में पहली बार नार्थ अफ्रीका से प्रवासी मजदूर यहां आए थे और बाद के वर्षों में इन्होंने फ्रांस के समाज को बहुनस्लीय और विविध बनाया। यूरोप के बड़े नेता सीधे तौर पर इस हिसा को अफ्रीकी और मुस्लिम शरणार्थियों के आने से पैदा हुई समस्या से जोड़ रहे हैं। सोशल मीडिया ऐसी पोस्टों से भरा हुआ है जिसमें कहा गया है कि मुस्लिम शरणार्थी घ्किसी भी देश में जाकर वहां के कानून को नहीं मानते और घ्हिंसा करते हैं। स्वीडन में कुरान जलाने भर से इस्लामी सरकारें और कट्टरपंथी नाराज हैं। उनकी हिंसक विचारधारा को मानने वाले लोग ही फ्रांस को जला रहे हैं। पोलैंड के प्रधानमंत्री माटुस्ज मोराविएकी ने फ्रांस के दंगों पर तंज कसा है। उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें जलता हुआ फ्रांस दिख रहा है वहीं वीडियो के बीच में शांति और सुकून वाला पोलैंड है।

# मणिपुर में जल्दी शान्ति हो

लगता है मणिपुर राज्य पूर्वोत्तर राज्यों के कबायली मूल से विकसित अन्तर-जातीय समाज के अन्तर्विरोधों की प्रयोगशाला बन गया है जिसमें



राजनैतिक प्रयोग इस प्रकार हो रहे हैं कि मणिपुर अपने एक राज्य होने की अस्मिता को दरकिनार कर सामाजिक समुदायों की अपनी पहचान पर फिदा होना चाहता है। 2015 तक इस राज्य के सभी उग्रवादी या अलगाववादी संगठनों ने सशस्त्र मार्ग छोड़ कर केन्द्र सरकार के साथ शान्तिपूर्ण समझौते कर लिये थे। राज्य में अक्सर जो सेनाओं को विशेष अधिकार देकर (आफप्सा) कानून का विरोध किया जाता था वह भी समाप्त हो गया था और पिछले पांच साल से तो यह राज्य पूरी तरह शान्त था और कहीं भी अलगाववादी गतिविधियां देखने में नहीं आ रही थीं परन्तु विगत 3 मई से इस राज्य में हिंसा का जो तांडव शुरू हुआ है वह अभी तक रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है और अभी तक सवा सौ लोगों की जान जा चुकी है और पचास हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हो चुके हैं। कुकी और मैतेई जनजातियों के लोग आपस में ही एक- दूसरे के दुश्मन बने हुए हैं। यह पूरी तरह समझ में न आने वाली बात है कि राज्य के उच्च न्यायालय द्वारा यह सुझाव देने के बाद कि राज्य की सरकार को मैतेई समुदाय के लोगों को भी जनजाति का दर्जा दिये जाने के बारे में केन्द्र से सिफारिश करनी चाहिए, कुकी समाज का गुस्सा फूट पड़ा और दोनों तरफ से हिंसा का जो नंगा नाच शुरू हुआ वह अभी तक रुक नहीं पा रहा है। गत रविवार की रात्रि को ही चार लोगों की हत्या कर दी गई जिनमें से एक का तो गला तक रेत दिया गया। राज्य की बीरेन सिंह सरकार मणिपुर के समाज में भीतर- भीतर ही फैल रही आपसी दुर्भावना का संज्ञान लेने में पूरी तरह असफल रही जो राज्य के पहाड़ी इलाकों में रहने वाले कुकी आदिवासियों और मैदानी या राजधानी इम्फाल के आस-पास रहने वाले मैतेई समुदाय के लोगों के बीच फैल रही थी। पहाड़ों पर रह कर अपना जीवन बिताने वाले कुकी समुदाय के लोगों में यह डर व्याप्त हो रहा था कि मैदानी इलाके में रहने वाले लोगों को पहाड़ी क्षत्रों में भेजने का अभियान चलाया जा रहा है और उनके धार्मिक स्थल चर्चों को निशाना बनाय जा रहा है। कुकी समुदाय के अधिसंख्य लोग ईसाई हैं। उनमें यह डर पहले से ही फैल रहा था कि मैदानी इलाकों से पलायन करके लोग पहाड़ों पर बसने आ रहे हैं जिसकी वजह से वे उनकी संस्कृति और आर्थिक स्त्रोतों को भी अपने निशाने पर ले रहे हैं। यह सच है कि राज्य के पहाड़ी इलाकों में अफीम की अवैध खेती जाती है और राज्य सरकार ने पिछले दिनों इसे समाप्त करने के लिए व्यापक अभियान चलाया था मगर यह भी सत्य है कि इसके नाम पर पहाड़ों में स्थित चर्चों को भी निशाना बनाया गया। संयोग से मैतेई समुदाय के 90 प्रतिशत से अधिक लोग हिन्दू समुदाय के हैं। अतः इस अभियान ने साम्प्रदायिक रंग भी ले लिया है। मणिपुर में जन-जातियों में साम्प्रदायिक तनाव पहली बार ही देखने को मिला है। इसके साथ यह भी सत्य है कि पड़ोसी देश म्यामांर से कुकी जनजाति के लोग मणिपुर में आ जाते हैं और यहां के कुकी लोगों में घुल-मिल कर जंगल में अपने डेरे बना लेते हैं और बहुत से अफीम की खेती में भी संलिप्त हो जाते हैं परन्तु गत रविवार को कुकी समुदाय के ही दो विद्रोही संगठनों यूनाइटेड पीपुल्स फ्रंट व कुकी नेशनल आर्गनाइजेशन ने वक्तव्य जारी करके कहा कि वे इम्फाल से दीमापुर (नगालैंड) जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर पिछले दो महीने से लगा अवरोध हटा रहे हैं जिससे आवश्यक वस्तुओं का आवागमन आसानी से हो सके। कुकी लोगों ने इस राजमार्ग को विगत 3 मई को ही हिंसा भड़कने के बाद बन्द कर दिया था मगर जब गृहमन्त्री श्री अमित शाह मई के अन्त में मणिपुर गये थे और उन्होंने शान्ति की अपील की थी तो इस राजमार्ग को खोल दिया गया था मगर विगत 9 जून को जब कुकी-जोमी समुदाय के तीन लोगों की हत्या हुई तो राजमार्ग फिर से बन्द कर दिया गया था। अतः यह भी विडम्बना ही है कि जब इस राजमार्ग को पुनः खोलने के प्रयास हुए तो फिर से चार लोगों की हत्या कर दी गई।




मेषः- आप के लिए भाग्यवृद्धि का दिन है ऐसा गणेशजी कहते हैं। विदेश स्थित स्नेहीजनों से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे।

वृषभः- भावनाओ के बंधन में बंध जाने का अनुभव आज आपको होगा ऐसा गणेशजी कहते हैं। भाई-बहनों से लाभ होगा।

मिथुनः- नकारात्मक मानसिक व्यवहार न रखने के लिए गणेशजी आपको सलाह देते हैं। आज का प्रवास भी आनंददायी रहेगा।

कर्कः- भावनाओं के प्रवाह में आप न बह जाएं इसके लिए गणेशजी आपको चेतावनी देते हैं। धन का खर्च अधिक होगा।

सिंहः- आज किसी भी निर्णय लेने की स्थिति में आप नहीं रहेंगे इसलिए आवश्यक निर्णय आज न लेने की गणेशजी सलाह देते हैं। मन प्रसन्न होगा।

कन्याः- आज का आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा ऐसा गणेशजी कहते हैं। आज परिस्थिति अनुकूल रहेगी।

तुलाः- आज पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा ऐसा गणेशजी कहते हैं। संतानों की ओर से सुख मिलेगा।

वृश्चिकः-आज संभलकर कदम उठाने की गणेशजी सलाह देते हैं। शारीरिक और मानसिक रूप से आप व्यग्रता का अनुभव करेंगे।

धनुः- आज प्रातःकाल के समय आप का शारीरिक स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है ऐसा गणेशजी कहते हैं। प्रवास का योग है।

मकरः- आज के दिन परिवारजनों के साथ आनंदपूर्वक प्रवास या पर्यटन का आनंद मनाएंगे।

कुंभः- गणेशजी के आशीर्वाद से आप का आज का दिन सुख-शांतिपूर्वक बीतेगा। पारिवारिक जीवन में भी आनंद छा जाएगा।

मीनः- आज के दिन विजातीय आकर्षण से दूर रहने की गणेशजी सलाह देते हैं। प्रतिस्पर्धियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे।

मेरी जुबान
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक जयकिशोर वर्मा द्वारा जीवनदीप प्रिन्टर्स, जोड़ी बंगला, लखीमपुर खीरी से मुद्रित एवं "मेरी जुबान" हिन्दी दैनिक कार्यालय जिला पंचायत प्रागण गेट नं. 02, लखीमपुर खीरी-262701 उ.प्र से प्रकाशित
मो.99199596972
E-mail : merijuban@gmail.com
Website : www.merijuban.com
संपादकः उमाशंकर पटवा
मो. 9411081671

# जोड़ों के दर्द से राहत के लिए करें ये योगासन, बढ़ती उम्र में भी शरीर रहेगा मजबूत



उम्र बढ़ने के साथ शरीर कमजोर होने लगता है। कमजोर शरीर कई बीमारियों का घर बन जाता है। बढ़ती उम्र में शरीर की हड्डियां कमजोर और मांसपेशियों की समस्या बढ़ जाती है। इस कारण घुटनों में दर्द, कमर व जोड़ों में दर्द की शिकायत रहती है। बुजुर्गों को अक्सर चलने फिरने में तकलीफ रहती है और रोजमर्रा के कामकाज में मुश्किल होती है। कुछ हद तक शारीरिक समस्याओं से निजात पाने के लिए बुजुर्ग दवाओं का सेवन कर सकते हैं। हालांकि शरीर और जोड़ों का दर्द दवाओं से पूरी तरह से ठीक नहीं किया जा सकता है। योग शारीरिक और मानसिक समस्याओं से बचाता भी है और इलाज के तौर पर भी उपयोगी है। बढ़ती उम्र में जोड़ों के दर्द की शिकायत से बचने या दर्द के इलाज के लिए नियमित योगासनों का अभ्यास कर सकते हैं। योग से हड्डियों को मजबूती मिलती है और कमर दर्द में आराम मिलता है। यहां बुजुर्गों के लिए कुछ कारगर योगासनों के बारे में बताया जा रहा है, जिसके नियमित अभ्यास से शरीर दर्द की शिकायत से राहत पा सकते हैं।

**प्राणायाम के फायदे**

प्राणायाम के नियमित अभ्यास से रीढ़ की हड्डी सीधी होती है और पीठ दर्द में आराम मिलता है।

जोड़ों के दर्द से राहत दिलाने में भी प्राणायाम असरदार योगाभ्यास है।

**प्राणायाम का तरीका**

स्टेप 1- मैट पर आलती-पालथी मारकर बैठ जाएं और आंखों को बंद करके मन शांत रखें।

स्टेप 2- दाएं अंगूठे से दाई नाक को दबाएं और बाई नाक से अंदर की ओर श्वास खींचें।

स्टेप 3- अनामिका उंगली से बाईं नाक के नथुने को दबाकर दाई नाक से श्वास छोड़ें।

स्टेप 4- इस प्रक्रिया को दूसरी ओर से भी दोहराएं।

**ताड़ासन के फायदे**

इस आसन के अभ्यास से जांघों, एड़ियों और हाथों को मजबूती मिलती है।

पाचन तंत्र को बेहतर बनाता है

शरीर के स्ट्रक्चर में सुधार करता है।

**ताड़ासन का तरीका**

स्टेप 1- पैरों के बीच गैप रखते हुए एकदम सीधा खड़े हो जाएं और गहरी सांस लेते हुए दोनों हाथों को सिर के ऊपर की ओर उठाएं।

स्टेप 2- आसमान में हथेलियों को आपस में जोड़ते हुए पूरे शरीर को ऊपर उठाएं और 15 सेकंड इसी स्थिति में रहें।

स्टेप 3- श्वास की गति पर ध्यान देते हुए सामान्य अवस्था में लौट आएं और हाथों को नीचे की ओर ले जाकर श्वास छोड़ें।

स्टेप 4- 10-15 बार इसी आसन को दोहराएं।

**भुजंगासन के फायदे**

पेट के अंगों को उत्तेजित करके कब्ज से लड़ने में मदद मिलती है।

पीठ और पैर मजबूत होते हैं।

हृदय और फेफड़ों की सेहत बेहतर बनती है।

शरीर लचीला और बुजुर्गों को होने वाली कई तरह की दिक्कतें कम होती हैं।

**भुजंगासन के अभ्यास का तरीका**

स्टेप 1- जमीन पर लेटकर दोनों हथेलियों को फर्श पर कंधे की चौड़ाई से अलग रखें।

स्टेप 2- शरीर के निचले भाग को जमीन पर रखते हुए श्वास लें।

स्टेप 3- इस दौरान छाती को फर्श से उठाते हुए छत की ओर देखें और श्वास छोड़ते हुए शरीर को फर्श पर दोबारा टिका लें।

## अमरनाथ से भी ज्यादा कठिन है श्रीखंड महादेव की यात्रा, जानें कब और कैसे पहुंचें

अमरनाथ यात्रा को हिंदू धर्म में सबसे प्रमुख धार्मिक यात्राओं में गिना जाता है। अमरनाथ की यात्रा काफी दुर्गम और कठिन मानी जाती है, लेकिन विश्व की सबसे कठिन धार्मिक यात्राओं में से एक श्रीखंड महादेव की यात्रा है। श्रीखंड महादेव की यात्रा पर जाने की तैयारी है तो यह खबर आपके काम की है। 7 जुलाई से श्रीखंड महादेव की यात्रा शुरू हो रही है।



यह स्थल हिमाचल प्रदेश में है, जहां दुर्गम क्षेत्रों से होते हुए जा सकते हैं। इस स्थान का धार्मिक महत्व भी है। श्रीखंड महादेव के दर्शन धार्मिक यात्रा के साथ ही रोमांचक सफर का भी अनुभव देगा। इस जोखिम भरी यात्रा को 32 किलोमीटर की खड़ी चढ़ाई चलनी पड़ती है।

**श्रीखंड महादेव यात्रा**

श्रीखंड महादेव 18570 फीट ऊंचाई पर स्थित है, यहां पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को 32 किलोमीटर पैदल यात्रा करनी पड़ती है। इस दौरान ऊंचाई पर ऑक्सीजन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। कहा जाता है कि अमरनाथ यात्रा से ज्यादा कठिन यह यात्रा है।

**क्यों प्रसिद्ध है श्रीखंड महादेव**

मान्यता है कि भस्मासुर भगवान शिव को मारने के लिए उनके पीछे पड़ गया। इस पर माता पार्वती राक्षस के डर से रो पड़ी। उनके आंसुओं से यहां नयन सरोवर का निर्माण हुआ, जिसकी एक धारा 25 किलोमीटर नीचे भगवान शिव की गुफी निरमंड के देव ढांक तक गिरती है। कहते हैं कि वनवास के दौरान पांडव इसी स्थान पर रुके थे।

**कैसे करें श्रीखंड महादेव की यात्रा**

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले से यात्रा की शुरूआत होगी। 32 किलोमीटर की पैदल यात्रा के दौरान कठिन मार्ग और ग्लेशियर से होकर गुजरना पड़ेगा। रास्ते में मेडिकल और भंडारे की सुविधा मिलती है। यात्रा को पूरा करने में पांच से छह दिन का वक्त लगता है।

## शुरू हो गया है इन दो तरह की गंभीर बीमारियों का मौसम, हो जाएं अलर्ट वरना बढ़ सकती है दिक्कत

देशभर में मानसून की शुरूआत हो चुकी है। कुछ दिन बारिश और फिर तेज गर्मी के बाद फिर बारिश, इस तरह के मौसम और तापमान में बार-बार हो रहे परिवर्तन के कारण कई तरह की बीमारियों के बढ़ने का जोखिम शुरू हो गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को इस मौसम में सेहत को लेकर विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आपकी थोड़ी सी लापरवाही कई प्रकार की बीमारियों के जोखिम को बढ़ाने वाली हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मानसून के दिनों में हर साल स्वास्थ्य क्षेत्र पर बड़ा दबाव देखा जाता रहा है। इसमें दो प्रकार की बीमारियों के मामले सबसे अधिक देखे जाते रहे हैं। पहला- दूषित भोजन-पानी के कारण होने वाली समस्याएं और दूसरा- मच्छर जनित बीमारियां। ये दोनों ही स्थितियां कई मामलों में आपके लिए दिक्कतों को बढ़ाने वाली हो सकती हैं। सभी लोगों को इन बीमारियों से बचाव करते रहने की आवश्यकता है।



**क्या कहते हैं डॉक्टर?**

बातचीत में ग्रेटर नोएडा स्थित अस्पताल में इंटरनल मेडिसिन के डॉक्टर श्रेय श्रीवास्तव बताते हैं, नम वातावरण, बरसात के कारण होने वाली गंदगी और तापमान में परिवर्तन के कारण इस मौसम को बैक्टीरिया-वायरस के बढ़ने के लिए सबसे अनुकूल माना जाता है। इसी वजह से फूड-पॉइजनिंग, पेट में संक्रमण के साथ पाचन से संबंधित कई बीमारियां बढ़ने लगती हैं।

**दूषित भोजन-पानी के कारण होने वाली बीमारियां**

बरसात के दिनों में भोजन के रखरखाव और साफ-सफाई में होने वाली दिक्कतों के कारण पाचन में गड़बड़ी से संबंधित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। टाइफाइड ऐसी ही दूषित जलजनित बीमारी है जिसमें बुखार के साथ पसीना आने, सिरदर्द-शरीर दर्द और पेट दर्द से शुरू हो सकता है। टाइफाइड बिना ढके या खराब खाना खाने और दूषित पानी पीने से होता है। इसी प्रकार दूषित पानी-भोजन के कारण डायरिया, पेट में संक्रमण, उल्टी-दस्त के मरीज भी हर साल काफी बढ़ जाते हैं।

**मच्छर जनित बीमारियां**


बरसात का मौसम मच्छरों के प्रजनन के लिए अनुकूल होता है। साफ जमा हुए पानी में मच्छर अंडे देते हैं, जिसके कारण डेंगू-चिकनगुनिया और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है। डेंगू जैसे रोगों को गंभीर स्थितियों में जानलेवा भी माना जाता है। यही कारण है कि सभी लोगों को मच्छरों के काटने से बचने के उपाय करने चाहिए। डेंगू के मच्छर दिन में और मलेरिया के मच्छर शाम के समय अधिक काटते हैं।

**मानसून में सेहत का कैसे रखें ध्यान?**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बरसात के दिनों में जरूरी है कि हम सभी विशेष रूप से अलर्ट रहें। भोजन-पानी की साफ-सफाई, स्वच्छ रखरखाव का ख्याल रखें। फलों-सब्जियों को अच्छी तरह से धोकर ही सेवन करें। अधपका या बासी भोजन बिल्कुल न करें, इससे सबसे ज्यादा खतरा होता है। इसके अलावा मच्छरों से बचाव के लिए भी साफ-सफाई बहुत आवश्यक है। पानी का जमाव न होने दें, किसी खाली बर्तन, कूलर, गमले के पानी को समय-समय पर खाली करते रहें। मच्छरों से बचाव के लिए पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें और रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। ये कुछ बातों का ध्यान रखकर आप मानसून में होने वाली बीमारियों से बचे रह सकते हैं।

# अक्सर बहुत अधिक थकान रहना किडनी की बीमारियों का संकेत तो नहीं? इन लक्षणों को भी न करें नजरअंदाज

किडनी हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक हैं। रक्त को फिल्टर करने के साथ शरीर से अपशिष्टों को बाहर निकलने और शरीर को डिटॉक्स करने में इसकी भूमिका होती है। किडनी में होने वाले रोग के कारण शरीर में विषाक्तता बढ़ने का खतरा रहता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को किडनी को स्वस्थ रखने वाले उपायों को करते रहने की सलाह देते हैं। किडनी में होने वाले संक्रमण या किसी अन्य समस्या में पेट में दर्द, उल्टी या पेशाब की दिक्कत होना काफी सामान्य है। पर क्या आप जानते हैं कि किडनी की बीमारियों के कई अप्रत्याशित लक्षण और संकेत भी हो सकते हैं, जिनपर अक्सर लोगों का ध्यान ही नहीं जाता है। हालांकि शुरूआती समय में इसे इग्नोर करना गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है। अक्सर बहुत अधिक थकान या कमजोरी बने रहने को भी किडनी की बीमारी का संकेत माना जाता है।



**थकान-कमजोरी और किडनी की समस्या**

किडनी, हमारे रक्त से अपशिष्ट को फिल्टर करती है और इसे पेशाब के माध्यम से बाहर निकाल देती है। हालांकि जब आपकी किडनी ठीक से काम नहीं करती है या इसमें किसी तरह की कोई बीमारी होती है तो विषाक्त पदार्थ शरीर में जमा हो सकते हैं। इस कारण से आप थका हुआ, कमजोर महसूस कर सकते हैं या ध्यान केंद्रित करने में परेशानी हो सकती है। किडनी एरीथ्रोपोईटिन नामर हार्मोन भी बनाती है जो शरीर को लाल रक्त कोशिकाएं बनाने में मदद करती है। यदि इसकी कमी हो जाए तो हीमोग्लोबिन की कमी के कारण भी आप थका हुआ महसूस कर सकते हैं। आइए किडनी से संबंधित ऐसे ही कुछ अप्रत्याशित लक्षणों को जानते हैं।

**नींद की समस्या**

अध्ययनों में स्लीप एपनिया और क्रोनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) के बीच संभावित संबंधों का भी पता चलता है। यानी कि अगर आपको नींद की भी समस्या हो रही है तो यह भी संकेत हो सकता है कि आपकी किडनी स्वस्थ नहीं है। स्लीप एपनिया आपके शरीर को पर्याप्त ऑक्सीजन प्राप्त करने से रोककर आंशिक रूप से किडनी को नुकसान पहुंचा सकती है। किडनी के रोगियों में अनिद्रा की भी दिक्कत देखी जाती रही है।

**त्वचा में खुजली की दिक्कत**

किडनी की बीमारियों में आपको त्वचा में खुजली या जलन का भी अनुभव हो सकता है। ऐसा तब हो सकता है जब आपकी किडनी विषाक्त पदार्थों को बाहर नहीं निकाल पाती है और वे आपके रक्त में जमा हो जाते हैं। इससे दाने हो सकते हैं या आपके पूरे शरीर में खुजली हो सकती है। समय के साथ, किडनी आपके शरीर में खनिजों और पोषक तत्वों के संतुलन को बनाने में भी कठिनाई महसूस करती है जिससे त्वचा शुष्क और खुजलीदार हो सकती है।

**चेहरा और पैरों में सूजन**

जब आपकी किडनी अच्छी तरह से शरीर से अतिरिक्त सोडियम (नमक) को बाहर नहीं कर पाती है, तो शरीर में तरल पदार्थ जमा हो जाते हैं। इससे हाथ, पैर, टखने, टांगें फूली हुई या चेहरा सूजा हुआ दिख सकता है।

## सावन में महादेव को लगाएं इन फलाहारी चीजों का भोग

सावन के महीने का इंतजार लोगों को साल भर रहता है। इस पूरे महीने लोग महादेव की पूजा अर्चना करके उन्हें प्रसन्न करते हैं। इस बार तो सावन का महीना और भी ज्यादा खास होने वाला है, क्योंकि इस बार सावन का महीना पूरे दो महीने चलने वाला हैं, ऐसे में लोग भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए कई उपाय करेंगे। इन उपायों में लोग व्रत-उपवास भी



करते हैं। सोमवार के व्रत में फलाहार खाया जाता है और फलाहार का ही भोग लगाया जाता है। आज के लेख में हम आपको फलाहार के कुछ ऐसे पकवानों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें बनाना बेहद आसान हैं। आप इन पकवानों का भोग महादेव को भी लगा सकते हैं और बाद में व्रत में खुद भी इसका सेवन कर सकते हैं। इन सभी चीजों को बनाना बेहद आसान है। आइए देर न करते हुए आपको भी कुछ ऐसे फलाहार पकवानों के बारे में बताते हैं, जो खाने में भी काफी स्वादिष्ट होते हैं।

**कुट्टू की पूड़ी या पराठा**

फलाहार बनाने के लिए सबसे पहले आप कुट्टू की पूड़ी बनाने की तैयारी कर लें। अगर आपको पूड़ियां नहीं पसंद हैं तो पराठा भी बना सकती हैं।

**व्रत वाले आलू**

सावन सोमवार के व्रत में व्रत वाले आलू जरूर बनाएं। इसे खाने से भोजन का स्वाद कई गुना बढ़ जाता है। इस सब्जी में नींबू डालना नहीं भूलें।

**साबूदाना खिचड़ी**

व्रत में साबूदाना खिचड़ी सबसे ज्यादा खाई जाती है। इसे बनाना बेहद आसान होता है और ये खाने में काफी स्वादिष्ट लगती है। आप महादेव को भी इसका भोग लगा सकती हैं।

**कुट्टू का डोसा**

ये खाने में काफी स्वादिष्ट लगता है। अगर आप पूड़ी या पराठे से हटकर कुछ अलग बनाना चाहती हैं तो कुट्टू का डोसा तैयार कर सकती हैं।

**कुट्टू की पकौड़ी**

व्रत में धनिए की चटनी के साथ आप कुट्टू की पकौड़ी बनाकर खा सकती हैं और महादेव को इसका भोग भी लगा सकती हैं। चटनी के साथ इसका स्वाद बढ़ जाता है।

**साबुदाने की खीर**

व्रत में साबुदाने की खीर बनाने के लिए आपको ज्यादा मेहनत भी नहीं लगेगी। इसे खाकर आपके घरवाले भी आपकी तारीफ करते थकेंगे नहीं।

## प्रोटीन शेक हो सकती है जानलेवा? 16 साल के बच्चे की मौत ने उठाए सवाल

फिटनेस के शौकीन लोगों के बीच प्रोटीन शेक, पसंदीदा पेय रहा है। माना जाता है कि इससे शरीर के लिए दैनिक प्रोटीन की आवश्यकताओं की पूर्ति हो जाती है, जो मांसपेशियों के निर्माण को बढ़ावा देने के साथ शरीर को फिट रखने में मदद करती है। पर क्या ये हमारी सेहत के लिए वास्तव में फायदेमंद है? ये सवाल इसलिए खड़ा हो रहा है क्योंकि एक रिपोर्ट में ब्रिटेन में प्रोटीन शेक



पीने के कारण कथित तौर पर 16 वर्षीय लड़के की मौत का मामला सामने आया है। अध्ययन में पाया गया कि प्रोटीन शेक में मौजूद कुछ तत्व जेनिटिक कंडिशन को ट्रिगर कर सकते हैं, जिसके गंभीर दुष्प्रभावों का जोखिम रहता है। यह मामला साल 2020 का है जिसमें रोहन गोधानिया की प्रोटीन शेक पीने के तीन दिन बाद अचानक से तबियत खराब हो गई। मेडिकल जांच में उनमें ब्रेन डैमेज का पता चला, जो मृत्यु का कारण बना। जांच में पाया गया कि प्रोटीन शेक के कारण किशोर में ऑर्निथिन ट्रांसकाबार्माइलेज (ओटीसी) की कमी नामक एक दुर्लभ आनुवंशिक स्थिति उत्पन्न हो गई। इस रिपोर्ट के बाद अब सीनियर कोरोनर ने प्रोटीन शेक बनाने वाली कंपनियों से बॉटल पर स्वास्थ्य चेतावनियों को शामिल करने के लिए कहा है।

**रक्त में अमोनिया बढ़ने से हुई मौत**

प्रोटीन, संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए आवश्यक है। हालांकि, किसी भी पोषक तत्व की तरह, इसके अत्यधिक सेवन से स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। यदि प्रोटीन के मेटाबॉलिज्म से उत्पन्न अपशिष्ट हमारे शरीर से बाहर नहीं निकल पाते हैं, तो यह शरीर में समस्याएं पैदा कर सकता है, जैसा कि इस मामले में देखा गया। मेडिकल रिपोर्ट्स के मुताबिक शरीर में प्रोटीन में बढ़ोतरी के कारण, किशोर में ऑर्निथिन ट्रांसकाबार्माइलेज (ओटीसी) की कमी नामक एक दुर्लभ आनुवंशिक स्थिति विकसित हुई। यह बीमारी अमोनिया के ब्रेकडाउन को रोक देती है, जिससे यह रक्तप्रवाह में घातक स्तर तक बढ़ जाता है।

**पैकेजिंग पर चेतावनी की सलाह**

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2020 में रोहन के मौत के कारणों की तुरंत पहचान नहीं की जा सकी, क्योंकि मौत का कारण पता चलने से पहले ही उसके अंगों को डोनेट कर दिया गया था। कोरोनर टॉम ओसबोर्न के हवाले से छपी रिपोर्ट में कहा गया, चूंकि यह मामला प्रोटीन पेय के कारण ट्रिगर हुई है।

हिन्दी दैनिक
मेरी जुबान


# टीम इंडिया का हेड कोच बनेगा यह दिग्गज

## बना चुके 14 हजार से भी ज्यादा रन, पोवार को करेंगे रिप्लेस

**मुंबई।** दिग्गज क्रिकेटर अमोल मजूमदार भारतीय महिला टीम के हेड कोच बनने के लिए तैयार हैं। सोमवार को क्रिकेट एडवाइजरी कमेटी (CAC) ने मुंबई में शॉर्ट लिस्टेड कैंडिडेट्स का इंटरव्यू लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस इंटरव्यू में मजूमदार ने उअउ के मेंबर्स अशोक मल्होत्रा, जतिन प्रांजपे और सुलक्षणा नाइक को अपने 90 मिनट के प्रजेंटेशन से काफी प्रभावित किया है। मजूमदार के अलावा जिन लोगों ने इंटरव्यू दिया, उनमें डरहम के कोच जॉन लुईस और तुषार अरोठे शामिल हैं। अरोठे पहले भी महिला टीम के हेड कोच रह चुके हैं। उन्होंने 2018 में इस पद से इस्तीफा दे दिया था। भारतीय महिला टीम को इस महीने बांग्लादेश का दौरा करना है। बीसीसीआई उससे पहले टीम इंडिया का कोच नियुक्त करना चाहता है। पिछले साल दिसंबर में रोमेश पोवार को हेड कोच के पद से हटाया गया था। तब से यह पद खाली है। मजूमदार कभी भारत के लिए तो नहीं खेल सके, लेकिन घरेलू क्रिकेट में उनके नाम 14 हजार से भी ज्यादा रन हैं। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया, ₹सीएसी अमोल के प्रजेंटेशन से सबसे ज्यादा प्रभावित हुई। मजूमदार महिला टीम के लिए अपनी योजनाओं




को लेकर बहुत स्पष्ट थे। अन्य प्रजेंटेशन भी अच्छे थे, लेकिन मजूमदार बेस्ट रहे। इस पद के लिए उनकी सिफारिश की जाएगी।₹ मजूमदार मुंबई रणजी टीम के मुख्य कोच भी रह चुके हैं और आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स और दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रीय टीम के साथ काम कर चुके हैं। इंटरव्यू के दौरान वह एकमात्र ऐसे व्यक्ति थे जो व्यक्तिगत रूप से सीएसी के सामने उपस्थित हुए थे। मजूमदार अगर हेड कोच चुने जाते हैं तो उनका पहला असाइनमेंट नौ जुलाई से शुरू होने वाला बांग्लादेश दौरा होगा। भारतीय महिला टीम मीरपुर में तीन टी20 और इतने ही वनडे मैच खेलेगी। टीम इंडिया पिछले पांच वर्षों में कुछ अहम मुकाबलों में अच्छी स्थिति में होने के बावजूद हार गई है। साथ ही अभी तक कोई विश्व कप भी नहीं जीत पाई है। दो साल का हो सकता है मजूमदार का अनुबंध ऐसा माना जा रहा है कि मजूमदार को दो साल का अनुबंध मिलने की संभावना है। इस दौरान उनसे उम्मीद की जाएगी कि वह अगले साल बांग्लादेश में टीम इंडिया को विश्व कप खिताब दिलाएंगे। अगले साल बांग्लादेश में सितंबर-अक्तूबर में टी20 विश्व कप खेला जाएगा। इस साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में टीम इंडिया जीत की स्थिति में होने के बावजूद हार गई थी। नॉक-आउट मैचों को सकारात्मक तरीके से समाप्त करने में भारतीय टीम की असमर्थता को ध्यान में रखते हुए, नए मुख्य कोच का काम खिलाड़ियों की मानसिक दृढ़ता पर काम करने के अलावा उनकी शारीरिक फिटनेस में सुधार करना होगा। मजूमदार को अपने काम के बारे में स्पष्ट जानकारी बोर्ड अधिकारी ने कहा, ₹मजूमदार को इस बात की पूरी जानकारी है कि इस टीम को अगले स्तर तक पहुंचने के लिए क्या करना होगा। इसमें महिला क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों की फिटनेस में सुधार भी शामिल है। राष्ट्रीय टीम के कुछ खिलाड़ियों को वास्तव में अपनी फिटनेस पर काम करने की जरूरत है। मजूमदार ने एक मेंटल ट्रेनर और अन्य सपोर्ट स्टाफ की आवश्यकता पर भी जोर डाला। महिला क्रिकेट को लेकर आईसीसी के अगले दो टूनार्मेंट्स भारतीय उपमहाद्वीप में हैं। यह भी मजूमदार के पक्ष में है।" भारत में 2025 में होना है वनडे विश्व कप अगले साल बांग्लादेश में टी20 विश्व कप के अलावा भारत सितंबर 2025 में महिला वनडे विश्व कप की मेजबानी करेगा। बीसीसीआई अधिकारी ने कहा, ₹मजूमदार के भारतीय उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में खेलने का काफी अनुभव भी है।₹ मजूमदार ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 171 मैचों में 48.13 की औसत से 11,167 रन बनाए। वहीं, लिस्ट-ए में उन्होंने 113 मैचों में 38.20 की औसत से 3286 रन बनाए। 14 टी20 मैचों में मजूमदार ने 174 रन बनाए। हालांकि, इतने रन बनाने के बावजूद वह कभी भी भारतीय टीम में जगह नहीं बना सके। मजूमदार फर्स्ट क्लास में 30 शतक, 60 अर्धशतक, लिस्ट-ए में तीन शतक, 26 अर्धशतक और टी20 में एक अर्धशतक लगा चुके हैं।

# ईडी कार्यालय पहुंची अनिल अंबानी की पत्नी टीना अंबानी

### फेमा मामले में कल दर्ज हुआ था अनिल अंबानी का बयान

**नई दिल्ली।** उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी टीना अंबानी आज मुंबई में प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय में पेश हुईं। कल फेमा मामले में अनिल अंबानी का बयान दर्ज किया गया था। रिलायंस एडीए समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी विदेशी मुद्रा



कानून के कथित उल्लंघन से जुड़ी जांच के सिलसिले में सोमवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामले में बयान दर्ज कराने के लिए अंबानी (64) बलार्ड एस्टेट इलाके में संघीय एजेंसी के कार्यालय में पेश हुए। अनिल अंबानी यस बैंक के प्रमोटर राणा कपूर और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में इससे पहले 2020 में भी ईडी के सामने पेश हुए थे।

# विवादास्पद तरीके से आउट होने वाले बेयरस्टो ने गुस्से में पैट कमिंस से मिलाया हाथ, याद आए कोहली और गंभीर

**लंदन ।** एशेज का दूसरा टेस्ट काफी विवादों में रहा। जहां एक तरफ जॉनी बेयरस्टो का स्टंप आउट होना विवादों में रहा तो दूसरी तरफ ऑस्ट्रेलियाई ओपनर उस्मान ख्वाजा के साथ टउउ मेंबर्स की बदतमीजी भी खूब चचाओं में रही। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा टेस्ट 43 रन से जीतकर पांच मैचों की एशेज सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। अब मैच के बाद का एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है, जिसमें बेयरस्टो ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस से गुस्से में हाथ मिलाते दिख रहे हैं। इस घटना ने आईपीएल 2023 में विराट कोहली और गौतम गंभीर के बीच विवाद की यादों को ताजा कर दिया। याद आए कोहली और गंभीर बेयरस्टो को लगा था कि बॉल डेड हो चुकी है और वह क्रीज छोड़कर आगे निकल आए। तभी ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने गेम अवेयरनेस दिखाते हुए गेंद स्टंप्स पर दे मारी। इसके बाद थर्ड अंपायर ने बेयरस्टो को आउट करार दिया। यहीं से इंग्लैंड के लिए मैच पलट गया था




और टीम हार गई थी। हालांकि, बेयरस्टो ने इस घटना पर अभी तक कोई बयान नहीं दिया है, लेकिन पोस्ट मैच हैंडशेक के दौरान उन्होंने कमिंस को घूरकर देखा। ऐसी ही घटना आईपीएल 2023 के दौरान भी घटी थी जब लखनऊ सुपर जाएंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के मैच में विवाद हुआ था। तब एलएसजी के मेंटर गंभीर ने गुस्से में कोहली से हाथ मिलाया था। कमिंस से पूछे गए अजीबोगरीब सवाल मैच के बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा था- मुझे लगता है कि कैरी ने बेयरस्टो को आगे निकलते कुछ गेंद पहले ही देखा था। उन्होंने इसे नोटिस किया और बार-बार ये होता देख गेंद सीधे स्टंप्स पर फेंक दिया। मुझे लगा कि यह पूरी तरह से निष्पक्ष था। ऐसा करना नियमों में है। कुछ लोग असहमत हो सकते हैं, लेकिन स्टार्क के कैच की तरह, नियमों से ही खेल चलता है और मैं इसे ऐसे ही देखता हूं। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कमिंस को पत्रकारों के कुछ अजीब सवालों का भी सामना करना पड़ा। एक पत्रकार ने पूछा, क्या आपको लगता है कि बेयरस्टो के आउट होने के बाद, जो कि नियम के दायरे में था।

# नौवें खिताब की राह में भारत के सामने कुवैत की चुनौती, दोनों टीमों के बीच खिताबी भिड़ंत

**बेंगलुरु।** सैफ चैंपियनशिप फुटबॉल के फाइनल में गत विजेता भारत के नौवें खिताब की राह में मजबूत कुवैत होगा। बेंगलुरु के कांतिरवा स्टेडियम में आज खेले जाने वाले फाइनल में भारतीय टीम के साथ घरेलू दर्शकों का जबरदस्त समर्थन होगा। यही नहीं सकारात्मक पक्ष यह भी है कि टीम को डिफेंडर संदेश झींगन का साथ मिलेगा। वह लेबनान के खिलाफ हुए सेमीफाइनल में दो यलो कार्ड दिखाए जाने के चलते नहीं खेले थे। भारतीय टीम की निर्भरता एक बार फिर अब तक टूनार्मेंट में पांच गोल करने वाले कप्तान सुनील छेत्री पर होगी। कुवैत से ग्रुप में ड्रॉ रहा था मुकाबला भारत ने सेमीफाइनल में लेबनान को पेनाल्टी शूटआउट में 4-2 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई थी, जबकि कुवैत ने एक्स्ट्रा टाइम में बांग्लादेश को 1-0 से हराया था। यह टूनार्मेंट में दूसरा




मौका होगा जब दोनों टीमें आपस में टकराएंगी। इससे पहले ग्रुप में मैच में दोनों टीमों के बीच मुकाबला 1-1 से बराबर छूटा था। भारत को यह ड्रॉ अंतिम क्षणों में अनवर अली के आत्मघाती गोल के कारण खेलना पड़ा था। सहायक कोच को टीम की फिटनेस पर भरोसा फाइनल से पहले भारत की चिंता के दो कारण हैं, एक उन्हें लगातार दो मैचों में बेहद कड़े संघर्ष के बाद फाइनल खेलने को नसीब हो रहा है। दूसरा, हेड कोच क्रोएशिया के इगोर स्टिमैक फाइनल में भारतीय टीम के डगआउट में नहीं होंगे। टीम के असिस्टेंट कोच महेश गावली का कहना है कि अगर टीम को फाइनल के लिए एक सप्ताह का समय मिल रहा है तो कोई कुछ नहीं कर सकता है, लेकिन आपको 50 से अधिक दिन का समय मिलता है तो आप अपनी फिटनेस पर काम करोगे। हमें लगभग 50 दिन मिले हैं। उन्होंने कहा- टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच लूका रेडमैन ने जबरदस्त काम किया है। हमने देखा है कि हमारे खिलाड़ियों ने बिना चोटिल हुए टूनार्मेंट खेला है। उन्हें मैच के दौरान किसी तरह के खिंचाव भी नहीं आए हैं। गावली कहते हैं कि संदेश झींगन की वापसी से टीम मजबूत होगी। हालांकि, लेबनान के खिलाफ उनकी जगह खेले अनवर अली ने शानदार खेल दिखाया था। रेड कार्ड के चलते बाहर हैं स्टिमैक स्टिमैक को टूनार्मेंट में दो बार पाकिस्तान और कुवैत के खिलाफ रेड कार्ड दिखाया गया है। जिसके चलते उन पर दो मैचों का प्रतिबंध लगा है। भारत की फाइनल में निगाहें सुनील छेत्री पर होंगी। लेबनान के खिलाफ उनकी सहायता के लिए महेश सिंह को उनके पीछे खिलाया गया था।

# जी 20 शेरपा कांत बोले- मजबूत मॉडल वाले स्टार्टअप को फंड की कमी नहीं

**नई दिल्ली।** भारत के जी-20 शेरपा अमिताभ कांत ने कहा कि मजबूत कारोबारी मॉडल वाले अच्छे स्टार्टअप के लिए फंड की कोई कमी नहीं है। दुनिया में कोष पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और उनकी नजर हमेशा अच्छी परियोजनाओं पर होती है। कांत ने सोमवार को स्टार्टअप20 शिखर कार्यक्रम में कहा, नवाचार और स्टार्टअप वैश्विक चुनौतियों का समाधान खोजने के लिए मजबूत स्थिति में हैं। एक मजबूत




स्टार्टअप परिवेश के लिए फंड ऑफ फंड (ऐसा कोष जो दूसरे कोष में निवेश करता है), कर्ज सुलभ होने से जुड़ी योजनाएं और बेहतर संचालन व्यवस्था पर ध्यान देने की जरूरत है। शेरपा ने कहा, देश में एक लाख से अधिक स्टार्टअप और 108 यूनिकॉर्न (एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाले स्टार्टअप) हैं। आज का स्टार्टअप कल फॉर्च्यून 500 कंपनी होगी। इसलिए, स्टार्टअप और उद्यमियों के लिए स्व-नियमन और बेहतर संचालन व्यवस्था की जरूरत है। कोयला उत्पादन बढ़कर 22.3 करोड़ टन देश का कोयला उत्पादन अप्रैल-जून के बीच 8.40 फीसदी बढ़कर 22.293 करोड़ टन पर पहुंच गया है। एक साल पहले यह 20.565 करोड़ टन रहा था। कोयला मंत्रालय ने बताया कुल कोयले का लदान इस दौरान 6.97 फीसदी बढ़कर 23.969 करोड़ टन रहा है। 30 जून तक कुल भंडार 37.62 फीसदी बढ़कर 10.715 करोड़ टन रहा जो एक साल पहले 7.786 करोड़ टन था।

# बाजार में रिकॉर्ड हरियाली बरकरार; सेंसेक्स 300 अंक चढ़ा, निफ्टी 19400 के पार पहुंचा


**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में रिकॉर्ड हाई का सिलसिला बरकरार है। मंगलवार की सुबह सेंसेक्स लगभग 300 अंकों की बढ़त के साथ खुला और पहली बार 65500 का लेवल पार कर गया। फिलहाल सेंसेक्स 257.06 (0.39%) अंकों की बढ़त के साथ 65,462.11 अंकों के लेवल पर कारोबार कर रहा है। वहीं दूसरी ओर निफ्टी 56.60 (0.29%) अंक चढ़कर 19,408.45 अंकों के लेवल पर ट्रेड कर रहा है। मंगलवार को शुरूआती कारोबार



में बीएसई सेंसेक्स पहली बार 65,586.60 और निफ्टी 19,413.50 अंकों के लेवल पर पहुंचा। बाजार में बैंकिंग, फाइनेंशियल और आईटी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी दिख रही है। सेंसेक्स और निफ्टी में बजाज फाइनेंस के शेयर लगभग सात प्रतिशत तक उछले हैं और टॉप गेनर के रूप में कारोबार कर रहे हैं। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स के 30 शेयरों का मार्केट कैप 301.12 करोड़ रुपये हो गया है। मंगलवार को शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स के 30 शेयरों का हाल हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन निफ्टी के टॉप गेनर्स और टॉप लूजर्स शेयर अमेरिकी बाजार में हुआ सुस्त कारोबार इससे पहले अमेरिकी शेयर बाजार में सुस्ती के साथ कारोबार होता दिखा। अमेरिका में कम वाल्यूम और आधे दिन की छुट्टी के कारण बाजार में सपाट कारोबार हुआ। दमदार उत्पादन और डिलिवरी के आंकड़ों के कारण टेस्ला के शेयरों में सात प्रतिशत तक का उछाल आया। वहीं दूसरी ओर गोल्डमैन सैक्स ने इस साल के लिए महंगाई का अनुमान घटा दिया है। 2023 में कोर इन्फ्लेशन 3.5% रहने की उम्मीद है। 10 साल की बॉन्ड यील्ड मजबूत होकर 3.85% के पार पहुंच गई है। वहीं क्रूड ऑयल की कीमतें सोमवार को 1% गिरकर $75 के नीचे बंद हुई।

# तेल कंपनियों ने बढ़ाई कमर्शियल सिलेंडर की कीमतें, जानें कितनी की गई दामों में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी की गई है। जानकारी के अनुसार, 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की



कीमतों में सात रुपये की वृद्धि की गई है। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में 19 किलो के कमर्शियल सिलेंडर का दाम 1,773 से बढ़कर 1,780 रुपये प्रति सिलेंडर हो गया है। हालांकि, घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पिछले कुछ महीनों में गैस सिलेंडर के दामों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। इसमें सबसे ज्यादा असर कमर्शियल गैस सिलेंडरों में देखने को मिला। इसी साल, मार्च में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में 350.50 रुपये प्रति यूनिट बढ़ोतरी की थी। हालांकि, मई में इनकी कीमतों में 171.50 रुपये की कटौती की गई थी।

# 31 माह के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद विनिर्माण गतिविधियों में नरमी, महंगाई?13 माह में सर्वाधिक

**नई दिल्ली।** देश में विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां मई, 2023 में 31 महीने के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद जून में नरम पड़ गईं। हालांकि, नए ऑर्डर में उल्लेखनीय तेजी के साथ उत्पादन में वृद्धि कायम है। मौसमी रूप से समायोजित एसएंडपी ग्लोबल इंडिया का विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) घटकर जून में 57.8 रह गया। मई में यह 58.7 रहा था। इस नरमी के बावजूद पिछले महीने का आंकड़ा परिचालन में सुधार का संकेत है। मजबूत मांग ने बिक्री,



उत्पादन, भंडार निर्माण और रोजगार जैसे क्षेत्रों को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। जून में लगातार 24वें माह परिचालन स्थितियों में सुधार रहा। पीएमआई का 50 से अधिक रहना गतिविधियों में विस्तार और इससे नीचे का आंकड़ा गिरावट का संकेत देता है। रोजगार में मध्यम वृद्धि, महंगाई?13 माह में सर्वाधिक एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस की एसोसिएट निदेशक (अर्थशास्त्र) पॉलियाना डी लीमा ने कहा, नए ऑर्डर को पूरा करने के लिए विनिर्माण क्षेत्र की कंपनियों ने जून में अतिरिक्त श्रमिकों को काम पर रखा। इससे रोजगार मध्यम गति से बढ़ा, जो मोटे तौर पर मई के बराबर है। वहीं, नए ऑर्डर में मजबूती व अधिक श्रम लागत से महंगाई 13 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

# 'मुनाफे में आ सकती हैं तेल कंपनियां, सात फीसदी रहेगी GDP गति; रेटिंग एजेंसी फिच ने किया दावा

**नई दिल्ली।** सरकारी तेल कंपनियां चालू वित्त वर्ष में मुनाफे में आ सकती हैं। रेटिंग एजेंसी फिच ने एक रिपोर्ट में कहा, पिछले वर्ष में इन कंपनियों को घाटा हुआ था, लेकिन अब वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के सस्ते होने से ये मुनाफे में आ सकती हैं। हालांकि, सस्ते तेल के बावजूद ग्राहकों को कोई फायदा नहीं मिल रहा है, क्योंकि कंपनियां पिछले साल



हुए घाटे की भरपाई के लिए लंबे समय से पेट्रोल व डीजल की कीमतों को स्थिर रखी हैं। फिच ने कहा, अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड की कीमतें उसके अनुमान 78.8 डॉलर प्रति बैरल से नीचे जा चुकी हैं। इससे रिफाइनरी कंपनियों को फायदा होगा। हालांकि, भारतीय रिफाइनरियों का सकल रिफाइनिंग मार्जिन वित्त वर्ष 2023 के रिकॉर्ड उच्च स्तर से वित्त वर्ष 2024 में कम हो जाएगा, क्योंकि उद्योगों की परिस्थितियों में धीमापन आ सकता है। एजेंसी का मानना है कि वित्त वर्ष 2024 में भारत का तेल उत्पादन स्थिर हो जाएगा। वित्त वर्ष 2023 में उत्पादन में 1.7 फीसदी गिरावट आई थी। उस दौरान क्रूड का आयात 10 फीसदी बढ़ गया था। सात फीसदी रहेगी जीडीपी की गति एजेंसी ने कहा, अगले कुछ वर्षों तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 6-7 फीसदी की दर से बढ़ सकती है।

# टेस्ला के बनाया ग्लोबल डिलीवरी का रिकॉर्ड, दूसरी तिमाही में वॉल स्ट्रीट के अनुमान से बेहतर रहे आंकड़े

**नई दिल्ली।** एलन मस्क के नेतृत्व वाली इलेक्ट्रिक वाहन निमार्ता कंपनी टेस्ला ने 2023 की दूसरी तिमाही में वॉल स्ट्रीट डिलीवरी के अनुमानों को पार कर लिया है। माना जा रहा है कि कंपनी ने यह उपलब्धि विभिन्न मूल्य कटौती और बाइडन प्रशासन की ओर से संघीय इलेक्ट्रिक वाहन कर क्रेडिट के कार्यान्वयन के कारण हासिल की है। टेस्ला ने दूसरी तिमाही में 4,79,000 का रिकॉर्ड उत्पादन किया टेस्ला ने दूसरी तिमाही में 4,79,000 गाड़ियों का रिकॉर्ड वैश्विक उत्पादन किया और 4,66,140 गाडियों की रिकॉर्ड डिलीवरी की। यह पहली तिमाही में वितरित 4,22,875 इलेक्ट्रिक वाहनों से 10% की वृद्धि और सालाना आधार पर प्रभावशाली 83% की वृद्धि को दशार्ता है। वितरण संख्या को वास्तविक बिक्री का प्रभावशाली संकेत माना



जाता है, हालांकि टेस्ला सार्वजनिक रूप से अपनी बिक्री के आंकड़े जारी नहीं करता है। टेस्ला की डिलीवरी में अधिकांश मॉडल 3 और मॉडल वाहन शामिल थे, जिसमें 4,60,211 गाड़ियां थीं, इनकी तुलना में अधिक कीमत वाले मॉडल र और मॉडल की संख्या 19,489 गाडियों के साथ केवल 5% ही थे। टेस्ला कारों की आधी डिलीवरी शंघाई फैक्ट्री से हुई चाइना पैसेंजर कार एसोसिएशन के आंकड़ों से पता चलता है कि टेस्ला की लगभग आधी डिलीवरी उसके शंघाई फैक्ट्री से हुई है। जून के लिए बिक्री संख्या अभी तक जारी नहीं की गई है। टेस्ला ने अप्रैल में 75,842 और मई में 77,695 चीन निर्मित ईवी वितरित किए। लगभग 82,610 गाडियां उन दो महीनों के दौरान चीन से वितरित की गईं।





## मनीषा रानी ने अब्दु रोजिक को किया जबरन किस, वीडियो देख भड़की उर्फी जावेद ने लगाई फटकार

बिग बॉस ओटीटी का दूसरा सीजन इस वक्त चचाओं में बना हुआ है। इस सीजन में कंटेस्टेंट्स के बीच कई लड़ाई-झगड़े और कॉन्ट्रोवर्सीज देखने को मिल रही हैं। दर्शकों के बीच बिग बॉस ओटीटी के दूसरे सीजन को लेकर लगातार बज बना हुआ है। इस शो को लेकर अब एक अपडेट्स आया है। आपको बता दें, बिग बॉस ओटीटी का लेटेस्ट एपिसोड काफी सुर्खियां बटोर रहा है। दरअसल, शो के लेटेस्ट एपिसोड में एक टास्क की आढ़ में मनीषा रानी ने छोटे भाईजान यानी अब्दु रोजिक के साथ जो किया उसे देखकर सब ऑडियंस का गुस्सा भड़क उठा। इसके अलावा सोशल मीडिया सेंसेशन उर्फी का गुस्सा भी सातवें आसमान पर है। आपको बता दें, बिग बॉस ओटीटी 2 में एक टास्क के दौरान मनीषा रानी ने अब्दु रोजिक को किस कर डाला। दरअसल, अब्दु शो में बतौर गेस्ट बनकर पहुंचे थे और अब्दु को घर के कुछ कंटेस्टेंट के साथ शॉर्ट वीडियोज शूट करना था। इस दौरान अब्दु रोजिक से किन्हीं 4 कंटेस्टेंट्स को नॉमिनेट करने के लिए कहा गया था। ऐसे में उन्होंने जैद हदीद, अविनाश सचदेव, जिया शंकर और मनीषा रानी को चुना। अब्दु ने हर कंटेस्टेंट के साथ वीडियो शूट किया। ऐसे में अब्दु ने मनीषा रानी के साथ जकूजी में वीडियो शूट किया। वहीं, अब्दु गाना गाते दिखे और मनीषा उनके साथ डांस करती और पोज देती नजर आ रही थीं। लेकिन मनीषा ने अचानक अब्दु को पकड़कर एक के बाद एक किस करना शुरू कर दिया। मनीषा की इस हरकत से अब्दु बहुत ज्यादा असहज नजर आए। अब ये वीडियो इंटरनेट पर वायरल होने के बाद लोग मनीषा को ट्रोल कर रहे हैं। वहीं, इस पर अब उर्फी जावेद का भी रिएक्शन सामने आ गया है। उर्फी ने अपनी इंस्टा स्टोरीज पर इसका वीडियो शेयर कर अपनी भड़ास निकाली है। उन्होंने लिखा, श्ये देखना बहुत अनकंफर्टेबल है। वो क्यों उसे जबरन किस किए चली जा रही है? वो कोई बच्चा नहीं है। सीमाएं समझो लोगों।



## इंटीमेट सीन करने पर तमन्ना भाटिया को सुन्नी पड़ गई खूब खरी-खोटी

### लोग बोले- क्या मजबूरी थी कि ये ऐसे सीन कर रही

लम्बे समय से चचाओं का विषय बनी हुई वेब सीरीज लस्ट स्टोरी 2 का ट्रेलर जब से लांच किया गया हैं तभी से इसने अपने फैंस के दिलो में उत्सुकता का पारा बढ़ा रखा हैं। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई लस्ट स्टोरीज फिल्म का दूसरा सीजन भी फैंस के दिलो को खूब भा रहा हैं। चार डायरेक्टर्स की चार कहानियों पर लोग अलग अलग राय जाहिर कर रहे हैं ये एक्टर्स भी लोगो के दिलो में अपनी जगह बनाते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म के पहले सीजन को भी फैंस द्वारा काफी पसंद किया गया था जिसके बाद अब इसके दूसरे सीजन के लिए नए पेयर्स और कलाकारों को लिया गया इन्ही सब में से एक पेअर बने तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा भी नजर आए। जिनके कपलिंग को फैंस ने कुछ ज्यादा ही पसंद ही किया। इस कहानी का निर्देशन सुजॉय घोष ने किया है। पर इसमें दिए अपने इंटीमेट सीन्स की वजह से तमन्ना को ट्रोल किया जा रहा है। तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा के बीच इस फिल्म में कुछ इंटीमेट सीन्स फिल्माए गए हैं बस इसको लेकर ही तमन्ना की आलोचना की जा रही है। वीवर्स तमन्ना और विजय के इंटिमेट सीन्स पर तरह-तरह की बातें बनाते हुए नजर आ रहे हैं। जिसके बाद इन सभी सवालों और तानो पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए तमन्ना ने खुद इन सब पर एक इंटरव्यू में बात की और सवाल उठाने वालों को मुहतोड़ जवाब दिया है। तमन्ना भाटिया का कहना है कि लोग जिस तरह से उन्हें जज कर रहे हैं उसे देख वो हैरान हैं। उन्होंन कहा कि, श्ऐसे ही सीन्स के लिए मेल एक्टर्स की तारीफें की जाती हैं तो वही फीमेल एक्ट्रेसेस की आलोचनाएं क्यों? इस दौरान तमन्ना ने कहा कि लोग लड़कियों को जज करने में जरा भी देर नहीं लगाते हैं। तमन्ना भाटिया ने ये सब बताते हुए एक और बात को बताया कि उन्हें एक कमेंट आया, जिसमें कहा गया, ह्नक्या मजबूरी थी कि ये ऐसे सीन कर रही है.ह्व उन्होंने कहा कि मुझे ये बड़ा अजीब लगा क्योंकि एक एक्टर के तौर पर मैं अगर सीरियल किलर का रोल प्ले करूंगी तो क्या मैं वो बन जाउंगी? लस्ट स्टोरीज में विजय वर्मा और तमन्ना भाटिया वाले सेगमेंट की खूब चर्चाए हो रही है। इसकी एक वजह ये भी है कि रील ही नहीं बल्कि रियल लाइफ में भी विजय वर्मा और तमन्ना भाटिया एक दूसरे के साथ रिलेशनशिप में हैं। कई बार दोनों को एक साथ डिनर और बाहर स्पॉट किया जा चूका हैं बस तभी से ये बॉलीवुड लवबर्डस के प्यार की खबरे खूब हवा ले रही हैं।

## शूटिंग के दौरान शाहरुख खान हुए एक्सीडेंट का शिकार



बॉलीवुड के किंग खान को लेकर इस वक्त एक बड़ी खबर सामने आ रही है। शाहरुख खान के फैंस को ये खबर जानकर जोरदार झटका लग सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शाहरुख खान लॉस एंजेलिस में शूटिंग कर रहे थे। इसी दौरान सेट पर उनका एक्सीडेंट हुआ और वो बुरी तरह जख्मी हो गए। जिसके बाद तुरंत उन्हें हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया। इतना ही नहीं शाहरुख खान की एक सर्जरी भी हुई है। आपको बता दें, ये वैसे तो एक माइनर सर्जरी बताई जा रही है। इसके अलावा कहा जा रहा है कि वो जल्द ही ठीक हो जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो शाहरुख खान लॉस एंजेलिस में अपने एक प्रोजेक्ट की शूटिंग कर रहे थे और शूटिंग के दौरान ही उन्हें नाक पर जोरदार चोट लग गई। इस चोट की वजह से उनकी नाक से खून बहने लगा, जिसके बाद उन्हें बिना देरी किए हॉस्पिटल ले जाया गया।रिपोर्ट में तो ये भी बताया जा रहा है कि डॉक्टरों ने कहा है कि फिक्र की कोई बात नहीं है। लेकिन नाक से खून बहना रोकने के लिए उन्हें एक छोटी सी सर्जरी करनी होगी। सर्जरी के बाद एक्टर को नाक पर एक बैंडेज के साथ स्पॉट किया गया। आपको बता दें, किंग खान सर्जरी के बाद इंडिया वापिस लौट चुके हैं और जल्द ही अपनी अपकमिंग फिल्म जवान की झलकियां फैंस के लिए रिवील करेंगे। वहीं, फैंस एक एक्टर की ये खबर जानकर टेंशन में आ गए हैं। सभी लोग शाहरुख खान की सलामती और बेहतर सेहत के लिए दुआएं मांग रहे हैं। वहीं बात अगर एक्टर के वर्कफ्रंट की करें तो, बैक टू बैक फ्लॉप देने के बाद कई सालों का ब्रेक ले चुके शाहरुख खान ने अब अपने कई प्रोजेक्ट एक साथ अनाउंस कर दर्शकों का दिल जीत लिया है। किंग ऑफ रोमांस अब एक्शन फिल्मों पर दाव खेल रहे हैं।



## रॉकी और रानी के ट्रेलर में दिखा फुल फैमली ड्रामा, 90 के दशक का चला जादू

इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक आलिया भट्ट और रणवीर सिंह स्टारर फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का फाइनली ट्रेलर रिलीज कर दिया गया हैं। बात दे की अभी कुछ ही वक्त पहले फिल्म के ट्रेलर को पोस्ट किया गया हैं। जहां ट्रेलर ने फुल ऑन ड्रामा देखने को मिल रहा हैं। इसी के साथ ट्रेलर में रणवीर और आलिया 90 के दशक के जादू को भी रिक्रिएट करते दिख रहे हैं। दरअसल फिल्म के ट्रेलर में ऐसे दो लोगों (रॉकी और रानी) की लव स्टोरी को दिखाया गया है, जो एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। इनके रहन- सहन से लेकर इनका परिवार और यहां तक कि रीति- रिवाज भी बिल्कुल अलग हैं। लेकिन समस्या यहां खड़ी हो जाती है जहां रणवीर और आलिया एक दूसरे से प्यार तो कर बैठते है लेकिन अब परिवार को किस तरह से इस बात के लिए मनाए कहानी इसी के इर्द-गिर्द घूमती नजर आने वाली हैं। ट्रेलर में फुल ऑन फॅमिली ड्रामा देखने को मिल रहा हैं। साथ ही ट्रेलर में फिल्म के सारे ही स्टारकास्ट की झलकियां दिखाई गयी हैं। वही ट्रेलर देखने के बाद जया बच्चन नेगेटिव दिखाई दे रहा हैं। इसके साथ ही ट्रेलर में बैकग्राउंड सीन्स और बैकग्राउंड म्यूजिक बहुत ही दमदार देखने को मिल रहा हैं। साथ ही ट्रेलर रिलीज होते के साथ ही फैंस इसपर जमकर प्यार बरसाते नजर आ रहे हैं। इस फिल्म से करण जौहर बतौर निर्देशक 7 साल बाद कमबैक कर रहे हैं। फिल्म में रणवीर और आलिया के अलावा धर्मेंद्र, शबाना आजमी और जया बच्चन भी अहम रोल में नजर आएंगे। रणवीर सिंह और आलिया भट्ट स्टारर फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी 28 जुलाई को रिलीज होनी है।

## करण कुंद्रा संग शादी को लेकर अपना प्लान बताती नजर आयी तेजस्वी प्रकाश



टीवी के दो फेमस अभिनेता तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा जितने फेमस अपनी एक्टिंग के लिए आजकल उससे भी कई ज्यादा अभिनेताओं की कपलिंग के लिए उन्हें पसंद किया जाता है। बिग बॉस के घर से शुरू हुई इनकी प्रेम कहानी को फैंस ने इस कदर पसंद किया की आज इनकी जोड़ी घर के बाहर भी रंग जमा रही हैं। ऐसे में बस फैंस की एक ही विश हैं कि कब वो अपने पसंदीदा जोड़ी को शादी के बंधन में बांधते हुए देख सकेंगे। इस दौरान तेजस्वी और करण की शादी के भी खूब चर्चे हैं। फैंस लंबे समय से दोनों की शादी की खबर का इंतजार कर रहे हैं। जिसपर से अब तेजस्वी प्रकाश ने पर्दा उठा दिया है और बताया है कि उनकी करण से कब शादी होगी और फाइनली कब ये कपल मिस्टर और मिसेस बनेगा। नागिन 6 फैम एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश ने भ्नजजमतसिल को दिए इंटरव्यू में बॉयफ्रेंड करण कुंद्रा से शादी को लेकर खुलासा करते हुए कहा कि दोनों एक-दूसरे के साथ रिलेशनशिप में काफी सिक्योर फील करते हैं. साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि करण के साथ उनके रिलेशनशिप को लेकर कोई प्रेशर नहीं है. उन्होंने बताया, करण और मुझसे हमारी शादी को लेकर खूब सवाल होते हैं. करण को पता है कि मैं अपनी प्रोफेशनल लाइफ में एक जगह पर हूं और बात शादी की है तो वो शादी की बात तब करेंगे जब उन्हें लगेगा मैं तैयार हूं. हम दोनों अपने रिश्ते को लेकर सिक्योर हैं. इसलिए कोई प्रेशर नहीं है. तेजस्वी ने इस बारे में आगे बात करते हुए कहा, मुझे याद है कि मैंने एक घर खरीदा था और फिर खबर आई थी कि करण और तेजस्वी ने एक साथ एक घर खरीदा है. मुझे ऐसा लग रहा था कि क्या आप जानते भी हैं कि मैं कौन हूं? क्या आप जानते हैं कि मैं कितने समय से काम कर रही हूं? वर्क फ्रंट की बात करें तो तेजस्वी प्रकाश स्वरागिनी, रिश्ता लिखेंगे हम नया, पहरेदार पिया की समेत कई सारे सीरियल्स का हिस्सा रह चुकी हैं। फिलहाल वे पॉपुलर टीवी शो नागिन 6 का हिस्सा हैं जिसे फैंस काफी पसंद करते हैं।

